15 दिसंबर 2025
सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



सड़क पर बने गड्ढे ने छीन ली दो जिंदगियां प्रशासनिक लापरवाही पर उठ रहे सवाल

2



## एक नजर

### हरियाणा सरकार ने शत्रुजीत कपूर को डीजीपी पद से हटाया

**नई दिल्ली।** हरियाणा सरकार ने आईपीएस अफसर शत्रुजीत कपूर को डीजीपी के पद से रिलीव कर दिया है। अब उनके पास केवल हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन का चार्ज रहेगा। वहीं, कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह को अपने मौजूदा कर्तव्यों के अलावा अगले आदेश तक हरियाणा के कार्यवाहक डीजीपी के रूप में नियुक्त किया गया है। 7 अक्टूबर को आईपीएस वाई पूरन कुमार ने चंडीगढ़ में सुसाइड कर लिया था। पूरन कुमार ने सुसाइड नोट में तत्कालीन डीजीपी शत्रुजीत कपूर समेत अन्य अधिकारियों पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद सरकार ने शत्रुजीत कपूर को 14 अक्टूबर से 2 महीने की लंबी छुट्टी पर भेज दिया था। 13 दिसंबर यानी कल उनकी 2 महीने की छुट्टियां खत्म हो गई थी। हरियाणा सरकार नए डीजीपी की नियुक्ति को लेकर जल्दी में है, क्योंकि कार्यवाहक डीजीपी ओपी सिंह 31 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में आउटडोर गेम्स पर रोक एक्यूआई 497 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हवा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। अदक497 पहुंचने के बाद और सख्ती लागू कर दी गई है। कमीशन फॉर एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट (CAQM) ने सभी राज्य सरकारों को आदेश दिया है कि सभी स्कूलों और संस्थानों में बाहर होने वाली खेल गतिविधियों को तुरंत रोका जाए। आयोग ने चेतावनी दी है कि ऐसी गतिविधियां जारी रखना बच्चों के लिए ह्यगंभीर स्वास्थ्य खतराह्ल साबित हो सकता है। डॉक्टर भी लगातार लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अतुल माथुर ने कहा कि लोगों को बाहर कम निकलना चाहिए और हल्के मास्क पहनने चाहिए। CAQM ने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ स्कूल अभी भी बाहर खेलकूद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# नितिन नबीन पर बीजेपी ने जताया भरोसा, बनाया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष

- जेपी नड्डा की जगह बीजेपी की कमान अब संभालेंगे नितिन
- भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष, सिक्किम राज्य का लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रभारी रह चुके है



**एजेंसी/नई दिल्ली**

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को बीजेपी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें बीजेपी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को धार देने में उनकी भूमिका अहम मानी जा रही है। नितिन नबीन की नियुक्ति को बिहार की राजनीति में बीजेपी के संगठनात्मक विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। रविवार को बीजेपी संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला किया है। यह जानकारी बीजेपी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से साझा की है। नितिन नबीन तत्काल प्रभाव से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभालेंगे। वह अब जेपी नड्डा की जगह बीजेपी की कमान संभालेंगे। बीजेपी में कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की नियुक्ति के साथ ही उन तमाम अटकलों पर भी विराम लग गया है। जिनमें कई दिग्गज नेताओं के नाम की संभावनाएं जताई जा रही थी। नितिन नबीन की नियुक्ति को लेकर बीजेपी ने जातीय समीकरण भी साधने की कोशिश की है। दरअसल बीजेपी के नए अध्यक्ष कायस्थ समुदाय से आते हैं। इस समुदाय से बीजेपी में शीर्ष पद कई नेताओं को लाने की बात लंबे समय से चल रही थी। साथ ही आने वाले पश्चिम बंगाल और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव में नितिन नबीन की अहम भूमिका हो सकती है।

### संगठन में भी कई बड़ी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं

संगठन के माहिर कहते जाने वाले नितिन नबीन बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पांचवीं बार जीत कर विधानसभा पहुंचे और चैथी बार मंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली। मंत्री की कुर्सी पर बैठे कुछ ही दिन बीते थे कि उन्हें एक बड़ी और नई जिम्मेदारी सौंप दी गई। नितिन नबीन का कद संगठन में भी बड़ा है। इस बात का सबूत उन्हें अलग-अलग समय पर मिलने वाली जिम्मेदारी है। 2008 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा, का राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी बनाया गया। 2010 से 2013 के बीच नितिन भाजयुमो राष्ट्रीय महामंत्री बने। इसके बाद 2016-2019 में वह भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष बने थे। 2019 में ही उन्हें भाजपा ने सिक्किम राज्य का लोकसभा और विधानसभ चुनाव प्रभारी बना दिया गया था। इसके बाद 2021 से 2024 के बीच नितिन छत्तीसगढ़ में सह-प्रभारी रहे। 2024 में छत्तीसगढ़ के लोकसभा चुनाव प्रभारी बने। जुलाई 2024 से अब तक वह छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी के रूप में संगठन के दायित्व को देख रहे हैं।

# राष्ट्रपति ने मासूम से दुष्कर्म और हत्या के दोषी की दया याचिका की खारिज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो वर्षीय बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के दोषी व्यक्ति की दया याचिका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खारिज कर दी। घटना 2012 में महाराष्ट्र में हुई थी। 25 जुलाई, 2022 को पदभार ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति ने यह तीसरी दया याचिका खारिज की है। राष्ट्रपति भवन से जारी की गई दया याचिका की स्थिति के अनुसार, घुमारे की दया याचिका को राष्ट्रपति ने 6 नवंबर, 2025 को खारिज कर दिया था।इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्तूबर, 2019 को रवि अशोक घुमारे को दी गई फांसी की सजा को बरकरार रखी थी। शीर्ष कोर्ट ने कहा था, उसका अपनी यौन इच्छाओं पर कोई नियंत्रण नहीं था और अपनी यौन भूख को शांत करने के लिए उसने सभी प्राकृतिक, सामाजिक और कानूनी हदों को पार कर दिया था। अपने फैसले में, जस्टिस सूर्यकांत (जो अब भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं) की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने 2-1 के बहुमत से कहा, इस व्यक्ति ने एक ऐसे जीवन को निर्दयतापूर्वक खत्म कर दिया जिसका खिलना अभी बाकी था। दो वर्षीय बच्ची के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का उसका कृत्य घिनौनी और विकृत मानसिकता को दशार्ता है और क्रूरता की भयावह कहानी बताता है।फैसले में कहा गया था, यह देखते हुए कि पीड़िता मुश्किल से दो साल की बच्ची थी, जिसे अपीलकर्ता (रवि) ने अगवा किया और चार से पांच घंटे तक लगातार प्रताड़ित किया, जब तक कि उसकी मृत्यु नहीं हो गई।

## रामलीला मैदान से प्रियंका का बीजेपी को खुली चुनौती

# चुनाव आयोग का हर कदम पर संदेह : प्रियंका



- मोदी सरकार में जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के रामलीला मैदान से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सत्तारुढ़ बीजेपी और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि यदि देश में सही चुनाव और मत पत्र से चुनाव करा लिए जाएं तो बीजेपी कभी चुनाव नहीं जीत सकती। प्रियंका ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सिर्फ निर्वाचन आयोग की बदौलत चुनाव जीता जा रहा है। रविवार को प्रियंका गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर दावा किया कि उत्तर प्रदेश में तीन करोड़ नामों को मतदाता सूचियों से काटे गए हैं। उन्होंने कहा, संसद में जब मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने एसआईआर में वोट चोरी का मुद्दा उठाया तो मोदी सरकार नहीं मानी। आखिर में सरकार ने कहा कि हम पहले श्वंदे मातरम्श पर चर्चा करेंगे, फिर एसआईआर और वोट चोरी पर बात करेंगे। कांग्रेस महासचिव ने आगे कहा कि सदन में हम वंदे मातरम् पर चर्चा करते रहे। लेकिन मोदी सरकार में जनता के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं दिखी। बीजेपी पर सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रियंका ने कहा कि आज हालात ये हैं कि पिछले आम चुनाव में मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला गया। कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद कर दिया गया। भ्रष्टाचार के नाम पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए। जिन लोगों का दिल कमजोर था, जो इस दबाव को सह नहीं पाए वो ठश्रच में शामिल हो गए। जैसे-जैसे लोग बीजेपी में शामिल होते गए। बीजेपी की वॉशिंग मशीन में धुलकर साफ होते गए।

### अमित शाह तब तक ही बहादुर हैं जब तक कि सत्ता में है : राहुल गांधी

राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोरी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी की रैली चल रही है। रैली के दौरान जब राहुल गांधी ने संबोधन देना शुरू किया तो लोगों ने जोरदार आवाज लगाकर उनका स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह , चुनाव आयोग और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर जोरदार निशाना साधा। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में सबसे अधिक किसी पर हमलावर हुए तो वह थे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह। राहुल गांधी ने कहा कि अमित शाह तभी तक बहादुर हैं, जब तक इनके हाथ में सत्ता है। जिस दिन सत्ता गई, उसी दिन इनकी बहादुरी भी निकल जाएगी। आप सबने देखा होगा कि सदन में अमित शाह का हाथ कांप रहा था।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि उनके(भाजपा) पास सत्ता है, वे वोट चोरी करते हैं, चुनाव के समय वे 10 हजार रुपये देते हैं। उनके चुनाव आयुक्त हैं ज्ञानेश कुमार, डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी। तीनों भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी का चेहरा देखिए, आपको पता चल जाएगा कि उनका कॉन्फिडेंस खत्म हो गया है। वे जानते हैं कि उनकी वोट चोरी पकड़ी गई है। नरेंद्र मोदी के पास जवाब नहीं है। वे इधर-उधर की बातें करने लगते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में त्योहार मना रहे यहूदियों पर हमला, शूटर समेत 12 की मौत

- पीएम मोदी बोले- दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में प्रसिद्ध बोंडी समुद्र तट पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो बंदूकधारियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है। दो पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दो हमलावरों में से एक को मार गिराया है, जबकि दूसरा हमलावर पकड़ा गया है और गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने एक हमलावर की पहचान की है। हमलावर की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई जो सिडनी का रहने वाला है। पुलिस ने उसके घर पर छापा मारा है।प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज ने इस घटना को स्तब्धकारी और दुखद बताया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुई गोलीबारी को आतंकवादी हमला घोषित किया गया है। पुलिस ने एक हमलावर समेत 10 लोगों की मौत की पुष्टि की है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के अनुसार, यह गोलीबारी आठ दिवसीय यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात को हुई। बंदूकधारियों ने उस वक्त गोलीबारी शुरू कर दी, जब यहूदी त्योहार की शुरूआत के उपलक्ष्य में समुद्र तट पर आयोजित एक कार्यक्रम के लिए सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए थे। पीएम मोदी ने भारत के लोगों की ओर से मैं उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। दुख की इस घड़ी में हम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं। भारत आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस रखता है और आतंकवाद के सभी रूपों के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करता है।

# सात प्रक्षेपणों की तैयारी में इसरो, मार्च 2026 तक पहला मानवरहित मिशन भेजेगा भारत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मार्च 2026 तक सात प्रक्षेपण मिशन करने की योजना बनाई है। इनमें गगनयान परियोजना का पहला मानवरहित मिशन, स्वदेशी इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन प्रणाली का प्रदर्शन और क्वांटम की डिस्ट्रीब्यूशन तकनीक से जुड़े प्रयोग भी शामिल हैं। इन सात में से पहला प्रक्षेपण अगले सप्ताह होने की संभावना है।केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में संसद को बताया कि भारत का सबसे भारी रॉकेट एलवीएम-3 (एलवीएम3) अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के ब्लूबर्ड-6 संचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित करेगा। यह प्रक्षेपण इसरो की व्यावसायिक इकाई न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ हुए समझौते के तहत किया जाएगा। एलवीएम-3 रॉकेट अगले वर्ष की शुरूआत में गगनयान परियोजना के पहले मानवरहित मिशन को लेकर उड़ान भरेगा। इस मिशन में ह्यव्योममित्राह्ल नाम का रोबोट क्रू मॉड्यूल में भेजा जाएगा। इसके बाद 2026 में एक और मानवरहित मिशन की योजना है, जिसके पश्चात 2027 में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को लो अर्थ ऑर्बिट में भेजा जाएगा।






# आईईएसएम बक्सर की मासिक बैठक में हुआ लेफ्टिनेंट संदीप मिश्रा का भव्य सम्मान



■ पूर्व सैनिकों की एकजुटता, सम्मान समारोह और सैनिक स्कूल निर्माण की घोषणा से गूंजा सभागार

**केटी न्यूज/बक्सर**

इंडियन एक्स सर्विसमैन मूवमेंट (आईईएसएम) बक्सर की मासिक बैठक रविवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन डॉक्टर मेजर पी.के. पाण्डेय एवं जिलाध्यक्ष सूबेदार हरेंद्र तिवारी ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष सूबेदार विद्या सागर चौबे ने किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 200 पूर्व सैनिकों ने बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य आकर्षण केशोपुर ग्राम निवासी नौसेना के लेफ्टिनेंट संदीप मिश्रा का सम्मान रहा। संदीप मिश्रा ने नौसेना में सिपाही पद से सेवा प्रारंभ कर कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर लेफ्टिनेंट पद तक का सफर तय किया। इस उपलब्धि पर आईईएसएम बक्सर के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मेजर पी.के. पाण्डेय ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि संदीप मिश्रा युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

सम्मान के दौरान लेफ्टिनेंट संदीप मिश्रा ने कहा कि गरीबी में जन्म लेना गलत नहीं, लेकिन गरीबी में जीते रहना गलत है। यदि मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। उन्होंने बक्सरवासियों से अपील की कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के लिए समय और सही मार्गदर्शन दें।

इसी क्रम में राजपुर ग्राम निवासी लेफ्टिनेंट जनार्दन पाण्डेय को उनके पुत्र के मेडिकल क्षेत्र में न्यूरोलॉजिस्ट बनने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने इस खुशी के अवसर पर सभी सैनिकों को नाश्ता कराया। वहीं नायब सूबेदार श्रीकांत यादव ने एरियर की राशि मिलने पर संगठन विकास के लिए 5000 रुपये का सहयोग दिया, जबकि नायब सूबेदार अमरेंद्र मिश्रा ने संगठन को 10 कुर्सियां भेंट कीं। दोनों को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष मेजर पी.के. पाण्डेय ने सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल का निर्माण युद्धस्तर पर जारी है, नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और पढ़ाई वर्ष 2027 से शुरू होगी। स्कूल पूरी तरह बैगलेस होगा और आधुनिक सुविधाओं से युक्त रहेगा। परीक्षा के आधार पर 25 प्रतिशत छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। बैठक में पीसीडीए अधिकारी मनोज कुमार सिंह एवं लेफ्टिनेंट कामेश्वर पाण्डेय द्वारा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सीजीडीए विश्वजीत सिंह को बक्सर में सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किए जाने की जानकारी दी गई, जिस पर सकारात्मक सहमति मिलने से सभागार तालियों से गूंज उठा। डुमरांव अनुमंडल के कसिया ग्राम निवासी नायब सूबेदार द्वारिका प्रसाद के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। दस नए सदस्यों ने आईईएसएम बक्सर की सदस्यता ग्रहण की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कैप्टन बी.एन. पाण्डेय ने बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

# सड़क पर बने गड्ढे ने छीन ली दो जिंदगियां प्रशासनिक लापरवाही पर उठ रहे सवाल

■ शनिवार की देर रात राजपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव के पास की है घटना, एक ही बाइक पर सवार थे दोनों युवक



**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव के पास शनिवार की देर रात एक हादसे ने दो घरों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। नहर की पुलिया के समीप सड़क पर बने खतरनाक गड्ढे ने एक बाइक सवार दो युवकों की जान ले ली। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि बदहाल सड़कों और अनदेखी की कीमत के रूप में देखा जा रहा है। मृतकों की पहचान नोनौरा गांव निवासी 22 वर्षीय अर्जुन कुमार (पिताद्दशिव पासवान) और 21 वर्षीय राजू चौहान (पिताद्दमहेंद्र चौहान) के रूप में हुई है। दोनों युवक शनिवार की रात किसी निजी कार्यक्रम में शामिल होकर एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। बिजौली नहर की पुलिया के पास जैसे ही बाइक पहुंची, सड़क पर बने गहरे गड्ढे में फंसकर अनियंत्रित हो गई और दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह गड्ढा लंबे समय से सड़क पर बना हुआ है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। रात के समय रोशनी की व्यवस्था न होने के कारण यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे राहगीरों की जान हमेशा खतरे में रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी यहां कई लोग गिरकर घायल हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**पुलिस की तत्परता, लेकिन किस्मत हार गई**

राजपुर थानाध्यक्ष श्रीनिवास कुमार ने बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान 112 पुलिस को सूचना मिली। टीम तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। दुर्भाग्यवश, अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही राजू चौहान की मौत हो गई, जबकि अर्जुन कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**सदर अस्पताल में मचा कोहराम**

घटना की खबर मिलते ही दोनों युवकों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। वहां का माहौल गम और चीख-पुकार से भर गया। मां-बाप की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। पूरे नोनौरा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। इस हादसे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत और पुलिया के पास सुरक्षा के इंतजाम किए गए होते, तो दो युवा जिंदगियां बच सकती थीं। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक संवेदनहीनता पर गंभीर सवाल खड़े करती है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। वहीं, ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजौली नहर की पुलिया समेत क्षेत्र की जर्जर सड़कों की तुरंत मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी और घर का चिराग इस तरह न बुझ जाए।

## बक्सर-पटना हाइवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**बक्सर।** बक्सर-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 922) पर औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप हुए एक भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तेज रफ्तार कार व बाइक की टक्कर से हुई। मृतक की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी स्व. मुक्तेश्वर पाठक के 45 वर्षीय पुत्र सुशील पाठक उर्फ पिंकू पाठक के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार पिंकू का बक्सर के विश्वामित्र कॉलोनी में भी एक घर है। रविवार की दोहपर वह अपनी बाइक से बक्सर से गांव आ रहा था। जैसे ही वह टोल प्लाजा के समीप पहुंचा कि पिछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से जख्मी हो लहुलूहान हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के स्वजनों में कोहराम मच गया। स्वजन दौड़े भागे घटना स्थल पर पहुंचे। वहीं, स्थानीय पुलिस कार चालक की शिनाख्त तथा मामले की जांच में जुट गई है। औद्योगिक पुलिस की माने तो शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं, घटना के बाद से डुमरी गांव में कोहराम मचा हुआ है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में बक्सर-पटना फोरलेन की सड़क पर सड़क हादसों में वृद्धि हुई है। वहीं, डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुंवर ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कहा कि मृतक काफी नेकदिल इंसान था तथा इस घटना से पूरा गांव मर्माहत हो गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दी जाएगी।

# मछुआरों की सूझबूझ से पुल से कूदी मां-बेटे की बची जान

**केटी न्यूज/बक्सर**

वीर कुंवर सिंह पुल पर रविवार को जो हुआ, वह महज एक आत्मघाती कोशिश नहीं, बल्कि समय रहते बचाई गई दो जिंदगियों की कहानी बन गया। दोपहर के समय अचानक पुल से एक महिला अपने पांच वर्षीय बेटे को लेकर गंगा में कूद गई। पल भर में पुल पर अफरा-तफरी मच गई, लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही नीचे गंगा में मछली पकड़ रहे मछुआरों ने हालात की गंभीरता को भांप लिया। बिना किसी हिचकिचाहट के मछुआरे नाव लेकर तेजी से घटनास्थल की ओर बढ़े और डूबते मां-बेटे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती, तो यह घटना एक दर्दनाक हादसे में बदल सकती थी। मछुआरों की तत्परता ने यह साबित कर दिया कि संकट के समय इंसानियत सबसे बड़ा हथियार होती है। घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला व बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत फिलहाल



स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला उत्तरप्रदेश के बसंतपुर गांव की अनुसूचित बस्ती की रहने वाली है, हालांकि आत्मघाती कदम के पीछे के कारण अभी रहस्य बने हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। महिला से पूछताछ कर पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक पहलुओं को खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर एक मां को अपने मासूम बेटे के साथ ऐसा खौफनाक फैसला लेने के लिए क्या मजबूर होना पड़ा। इस घटना में मछुआरों की बहादुरी और मानवीय संवेदना ने यह संदेश भी दिया कि समय पर बढ़ाया गया एक हाथ, मौत को भी मात दे सकता है।

# राज हाईस्कूल खेल मैदान में पूर्व खिलाड़ी की याद में शोक सभा हुआ आयोजित



**डुमरॉव/केटी न्यूज**

राज हाईस्कूल के खेल मैदान में एलेवन क्रिकेट क्लब की अगुआयी में पूर्व खिलाड़ी स्व. विष्णु ठाकुर की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शाके सभा में पूर्व व वर्तमान खिलाड़ी मौजूद रहे। खिलाड़ियों ने सबसे पहले उनके तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण उनकी आत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना की। उपस्थित खिलाड़ियों ने उनके संबंध में बताया की उन्होंने राज हाईस्कूल में क्रिकेट खेला करते थे, फिर एलेवन स्टार क्रिकेट क्लब से जुड़ राष्ट्रीय स्तर का मैच कराने में अपना सहयोग देने लगे। उनका पूरा जीवन खिलाड़ियों के विकास और प्रोत्साहित करने में रहा। इतना ही नहीं अच्छे और गरीब परिवार के बच्चों को खेल के प्रति काफी उत्साह वर्ध्दन करते रहे। इतना नहीं खेल के समान से भी मदद कर सभी को खेलाती भी रहे। इस मौके पर सभी ने उनकी याद में राष्ट्रीय स्तर पर मैच कराने का फैसला लिया जिसे लोग ने अपनी सहमति दी। इस मौके पर नरेन्द्र नाथ ओझा, फूलन सिह, कैलाश पति, अरविंद चौरसिया, अनवर हुसैन, यमूना प्रसाद गुप्ता, दिलीप शर्मा, रिंकू चौबे, अभिषेक ओझा, संजय शर्मा, हिमांशु कुमार, कमल चौरसिया, पंकज दूबे, ब्रह्मा ठाकुर, रामजी प्रसाद, जियाउल हक, महेन्द्र सिंह, गुड्डु सिंह, वाहीद अंसारी, दीपक कुमार, मनोज तिवारी, प्रमोद कुमार, मदन ओझा, सुमन कुमार, अभिषेक सिंह, नंदजी यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# फरक्का एक्सप्रेस में ब्रेक प्रेशर फेल, मेन लाइन ठप, लोको पायलट की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

■ कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट के पास एस-1 कोच में आई तकनीकी खराबी से डेढ़ घंटे ठहरी ट्रेन, पंजाब मेल समेत कई एक्सप्रेस प्रभावित

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार की रात फरक्का एक्सप्रेस में आई गंभीर तकनीकी खामी ने कुछ देर के लिए रेल परिचालन की रफ्तार थाम दी। कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट के समीप ट्रेन के एस-1 कोच में अचानक ब्रेक प्रेशर से जुड़ी समस्या उत्पन्न हो गई, जिसके कारण ट्रेन बीच लाइन में रुक गई। इस घटना से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई, वहीं मेन लाइन पर ट्रैफिक बाधित होने से कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को रोकना पड़ा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरक्का एक्सप्रेस बक्सर स्टेशन से निर्धारित समय से 23 मिनट विलंब से रात 8.23 बजे रवाना हुई थी। बक्सर से खुलने के महज 14 मिनट बाद ही ट्रेन कुशलपुर हरनाहा हॉल्ट




के पास अचानक ठहर गई। शुरूआत में यात्रियों को चेन पुलिंग की आशंका हुई, लेकिन जांच में स्पष्ट हुआ कि एस-1 कोच में तकनीकी खराबी के कारण ब्रेक प्रेशर नहीं बन पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल रेलवे कंट्रोल को सूचना दी गई।


तकनीकी खामी के चलते ट्रेन करीब आधे घंटे से अधिक समय तक वहीं खड़ी रही। इस दौरान मेन लाइन पर परिचालन बाधित हो गया। पंजाब मेल, विभूति एक्सप्रेस, एलटीटी, पटना एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को रास्ते में रोकना पड़ा या उन्हें धीमी गति से चलाया गया। यात्रियों में चिंता का माहौल था, लेकिन लोको पायलट और असिस्टेंट लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अस्थायी रूप से प्रेशर बनाकर ट्रेन को सुरक्षित डुमरांव स्टेशन तक लाने का निर्णय लिया।

करीब डेढ़ घंटे की देरी के बाद ट्रेन रात 9.28 बजे डुमरांव स्टेशन पहुंची। स्टेशन पर पहले से तैनात तकनीशियन टीम ने तत्काल कोच की जांच शुरू की। आवश्यक मरम्मत और परीक्षण के बाद एस-1 कोच की खराबी को दूर कर लिया गया। इसके पश्चात रात 9.45 बजे फरक्का एक्सप्रेस को आगे के लिए रवाना किया गया।

समय रहते तकनीकी समस्या के समाधान और चालक दल की सतर्कता से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका टल गई। हालांकि इस घटना ने एक बार फिर लंबी दूरी की ट्रेनों में तकनीकी निगरानी और समय पर मेंटेनेंस की जरूरत को उजागर कर दिया। यात्रियों ने राहत की सांस ली, लेकिन देरी के कारण उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा।

कुमार अर्थोपेडिक क्लिनिक
Mob : 9122226720
डॉ0 वीरेन्द्र कुमार
अर्थोपेडिक सर्जन
M.B.B.S., D. Ortho PMCH
एफ. आई. एम. एस. (युके)
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डॉ0 अरूण कुमार
M.B.B.S., D.N.B. (New Delhi)
FMAS (New Delhi), DMAS (Germany)
पेट रोग विशेषज्ञ
जेनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. एस. के. अम्बष्ठा
M.B.B.S., M.D. (Gold Medalist)
Dermatologist & Cosmetologist
चर्म रोग, कुष्ट रोग, सौंदर्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
(Skin, VD, Laprosy & Cosmetics)
SKIN SPECIALIST
पताः- सुमित्राा महिला कॉलेज से पूरब, ढ़ेलवानी मोड़, डुमरॉव

# स्वर्गीय बबन ओझा की 16वीं पुण्यतिथि पर होगा अखंड हरीकीर्तन, विचार गोष्ठी व स्नेह भोज



**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांग्रेस नेता डॉ. सत्येंद्र ओझा के पिता, किसान कांग्रेस नेता स्व. बबन ओझा की 16वीं पुण्यतिथि 16 दिसंबर 2025 को उनके पैतृक गांव नावानगर प्रखंड के सिकरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत गड़हिया गांव में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई जाएगी। इस संबंध में शिक्षक नेता राजेश कुमार शर्मा, एआईएसएफ छात्र नेता बबलू राज, क्षितिज कुमार केसरी, कांग्रेस नेता डॉ. सत्येंद्र ओझा, आपकी आवाज के नेता निहाल खान व हसन खान ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम की शुरूआत 15 दिसंबर से एकदिवसीय अखंड हरीकीर्तन से होगी। वहीं 16 दिसंबर 2025 को पुण्यतिथि के अवसर पर प्रसाद वितरण एवं स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही उसी दिन एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया है, जिसका विषय होगा ह्लबदलते परिप्रेक्ष्य में विचारों की प्रासंगिकताह्व। इस विचार गोष्ठी में विद्वानजन अपने विचार व्यक्त करेंगे।

आयोजकों ने जिले भर के बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, राजनीतिक एवं गैर-राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफआई), भारत का छात्र फेडरेशन (एसएफआई), युवा कांग्रेस सहित कई सामाजिक संगठनों ने बैठक कर कार्ययोजना तैयार की।

इस संबंध में कांग्रेस नेता डॉ. सत्येन्द्र ओझा ने बताया कि उनके पिता आजीवन कांग्रेस के किसान विंग से जुड़े रहे तथा किसानों के हित में उन्होंने कई ऐतिहासिक काम किए थे। सत्येन्द्र ने कहा कि समाज सेवा की सीख मुझे अपने पिता से ही मिली है।

बैठक की अध्यक्षता शिक्षक नेता राजेश कुमार शर्मा ने की। बैठक में अरविंद कुमार पांडेय, रमेश राम, दिनेश कुमार, हसन खान, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अजय ओझा, आशुतोष त्रिपाठी, हीरालाल, लालू यादव, गणेश पांडेय, सोनू शुक्ला, लखन राम, राजेश राज, शिक्षक सतीश कुमार वर्मा, आलोक त्रिपाठी, सोमेश्वर शर्मा, संतोष गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिनेश कुमार एवं निहाल खान ने संयुक्त रूप से किया।

मधुबन मैरिज हॉल
आपके सपनों का विवाह स्थल
अब आपके शहर बक्सर में विवाह, रिसेप्शन, मैरेज एनिवर्सरी, जन्मदिन और सभी शुभ अवसरों के लिए एक भव्य और सुविधाजनक उपलब्ध है स्थल
विशेषताएंः
■ विशाल और सुसज्जित हॉल
■ आकर्षक स्टेज डेकोरेशन
■ ठहरने की उत्तम व्यवस्था (एसी/नॉन-एसी कमरे)
■ बड़ा पार्किंग एरिया
■ 24x7 बिजली और पानी की सुविधा
■ साफ-सुथरा और हाइजीनिक किचन एरिया
■ बजट के अनुसार पैकेज उपलब्ध
■ हर आयोजन को बनाएं यादगार, सिर्फ मधुबन मैरिज हॉल के साथ
अखिलेश्वर पाठक
प्रोपराइटर


सारीमपुर, बक्सर
बुकिंग के लिए संपर्क करें: +91 7061608901

# 15 दिनों के भीतर वेंडिंग जोन की व्यवस्था नहीं हुई तो फुटपाथी शुरू करेंगे आंदोलन

**डुमरांव/केटी न्यूज**

वेंडिंग जोन की व्यवस्था पहले करें फिर अतिक्रमण को हटाया जाए, इसकी मांग को लेकर रविवार को फुटपाथी संघ ने गड़ेरी टोला मोहल्ले में स्थित अपने कार्यालय में एक बैठक की। बैठक में उपस्थित फुटपाथियों ने कहा कि अतिक्रमण के नाम पर हर बार-बार उन्हें ही लक्ष्य कर हटाया जाता है। इनका कहना था नगर परिषद के अधिकारी और कर्मी पहले सरकार के नियम और आदेश को पढ़े फिर अतिक्रमण हटाने



की कार्रवाई करे। सरकार को साफ आदेश है कि फुटपाथी दुकानदारों को जबतक वेंडिंग जाने की व्यवस्था नहीं हो जाती है, तबतक नहीं हटाना है। नप इसका पालन नहीं करता और फुटपाथियों को टारगेट कर उसे ही सबसे पहले हटाता है। फुटपाथी संघ के अध्यक्ष मिंटू हाशमी, राजेन्द्र पाल, पवन खरवार सहित अन्य का कहना है कि फुटपाथियों के लिये पंद्रह दिनों के भीतर वेंडिंग जोन की व्यवस्था किया जाए। यदि तय सीमा के भीतर व्यवस्था नहीं होती है तो फुटपाथी आंदोलन करने पर विवश हो जाएंगे। फुटपाथी दुकानदारों में महिलाएं भी हैं, जो दुकान लगाकर अपने परिवार का जीवन पोषण करती हैं। अतिक्रमण के नाम पर पहली कार्रवाई उन्हीं पर की जाती है। सभी ने एकजुटता दिखाते हुए कहा की चार स्थानों पर वेंडिंड जोन बनाने के स्थल का चयन किया गया था, लेकिन एक जगह पर भी काम नहीं लगाया गया। उनका कहना यह भी था कि वेंडिंग जाने बनाने के लिये सरकार की तरफ से 31 लाख रुपए दो साल पहले आया हुआ था, लेकिन बना नहीं। मिली राशि का क्या हुआ कोई नहीं जानता है, पूछने पर कोई नहीं बताता है। ऐसे में सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि फुटपाथी दुकानदारों के साथ नप कैसा भेदभाव बरतता है। सभी ने कहा की हमलोग अब आर या पार की लड़ाई लड़ने के लिये तैयार है। पंद्रह दिनों के भीतर वेंडिंग जोन की व्यवस्था नहीं की जाती है तो आंदोलन चलेगा, जिसमें आमरण अनशन, तालाबंदी तक की जाएगी। इसकी सूचना सोमवार को नप ईओ को दे दिया जाएगा। बैठक में नन्हकी देवी, रामजी तूरी, इंदू देवी, बिहारी पाल, सरस्वती देवी, राधिका देवी, परशुराम, देवनाथ, फीरोज, अब्दुल्ला सहित अन्य मौजूद रहे।

## गांव देहात में कमजोर होती स्थानीय न्याय व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# प्रखंड में पंचायत राज व्यवस्था हुई लचर छोटे-छोटे पारिवारिक विवाद भी पहुंच रहे थाने

**पीके बादल/केसठ**

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज की न्यायिक व्यवस्था दिनों दिन कमजोर होती जा रही है। वह व्यवस्था जो कभी गांवों में न्याय का पहला सहारा और सामाजिक अनुशासन की रीढ़ मानी जाती थी, आज लगभग निष्प्रभावी होती दिख रही है। परिणामस्वरूप, पहले जिन छोटे छोटे विवादों का निपटारा गांव में बैठकी के माध्यम से आसानी से हो जाता था, वे अब सीधे थानों में पहुंच रहे हैं। प्रखंड के कई पंचायतों में स्थिति यह है कि जमीन विवाद, आपसी कहासुनी, परिवारिक तनाव, घरेलू झगड़े और मामूली टकराव भी पुलिस थानों तक पहुंच जा रहे हैं। इससे न सिर्फ थानों पर अनावश्यक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि ग्रामीण समाज की वह पारंपरिक न्याय व्यवस्था भी टूटती जा रही है जो दशकों तक गांवों में सौहार्द बनाए रखने का आधार थी। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पहले मुखिया और सरपंच के फैसले सर्वोपरि माने जाते थे। उनके निर्णय पर गांव का हर वर्ग भरोसा करता था। पंचायत बैठकें नियमित रूप से होती थीं और बिना तनाव के अधिकांश मामलों का समाधान गांव की चौपाल पर ही कर दिया जाता था, लेकिन अब लोगों में पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति वह सम्मान, भरोसा और अनुशासन नहीं दिखता जो पहले हुआ करता था। ग्रामीण कहते हैं कि आज के समय में पंचायत मुखिया और सरपंच से किसी को डर या संकोच नहीं रह गया है।ग्रामीणों का आरोप है कि आज के समय में मुखिया, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधि अपने वोट बैंक और राजनीतिक स्वार्थ के कारण विवादों में निष्पक्ष फैसला लेने से बचते हैं। कई प्रतिनिधि केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक ही सीमित रहते हैं, जबकि सामाजिक और पारिवारिक विवादों में सक्रिय भूमिका नहीं निभाते। बुजुर्ग कहते है कि पंचायत प्रतिनिधियों की सक्रियता में कमी, राजनीतिक दखल और समूहबंदी, सामाजिक समरसता में गिरावट, गांव स्तर पर समझौता प्रक्रिया का कमजोर होना और बढ़ती कानूनी जागरूकता, पर स्थानीय न्याय प्रक्रिया का कमजोर क्रियान्वयन के कारण ही पंचायत न्यायिक व्यवस्था कमजोर हो रही है। प्रखंड के सामाजिक कार्यकताओं का मानना है कि यदि पंचायतें फिर से सक्रिय हों और न्यायिक अधिकारों के प्रभावी प्रयोग की दिशा में कदम उठाया जाए, तो थानों पर अनावश्यक भार कम होगा और गांवों में सौहार्दपूर्ण वातावरण भी वापस लौटेगा। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले पंचायत राज की बैठकों में ग्राम कचहरी एक मजबूत स्तंभ की तरह काम करती थी। लोग संभल जाते थे और पंचायत के सामने कोई भी खुलकर गलत करने का साहस नहीं करता था। अब वह अनुशासन खत्म सा होता नजर आ रहा है। पुलिस भी मानती है कि घरेलू और छोटे विवादों में वृद्धि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर विवाद निपटान मजबूत हो, तो पुलिस गंभीर मामलों पर अधिक ध्यान दे सकेगी।ग्रामीणों ने प्रशासन से भी अपेक्षा जताई है कि ग्राम कचहरी को मजबूत करने, प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय करने और पंचायत न्यायिक बैठकों को नियमित करने की दिशा में पहल की जाए। गांव देहात में कमजोर होती पंचायत राज न्याय व्यवस्था चिंता का विषय बन चुकी है। यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो सामाजिक विवादों में और वृद्धि देखने को मिल सकती है।ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम कचहरी को फिर से सशक्त किया जाए, पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय हो, न्यायिक बैठकों को नियमित किया जाए और प्रतिनिधियों को सामाजिक विवादों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए बाध्य किया जाए।

### सरकार की पहल पर भी पंचायत स्तर पर न्यायिक व्यवस्था कमजोर

ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज की न्यायिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर पंचायत सरकार भवन, ग्राम कचहरी भवन जैसे स्थायी ढांचे का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही विवादों के निपटारे के लिए पंच, सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों का विधिवत निर्वाचन किया गया है। सरकार ने ग्राम कचहरी सचिव की भी नियुक्ति की है, ताकि पंचायत स्तर पर आने वाले छोटे बड़े सामाजिक, पारिवारिक और जमीन विवादों का समय पर समाधान किया जा सके और लोगों को थानों के चक्कर न लगाने पड़ें। सरकार की मंशा है कि गांवों में ही न्याय सुलभ हो और सामाजिक सौहार्द बना रहे। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन व्यवस्थाओं के बावजूद पंचायतों की न्यायिक भूमिका अपेक्षित रूप से प्रभावी नहीं हो पा रही है। भवन और पद तो मौजूद हैं, पर सक्रियता और निष्पक्ष निर्णय की कमी के कारण पंचायत स्तर पर विवाद निपटान कमजोर पड़ता नजर आ रहा है। यदि इन संसाधनों का सही उपयोग हो, तो गांवों में न्याय व्यवस्था फिर से मजबूत हो सकती है। ग्राम कचहरी में बैठने वाले सरपंच और पंच अधिकांश समय निष्क्रिय नजर आते हैं। विवादों की सुनवाई न के बराबर होती है, जिसके कारण लोग मजबूर होकर थानों का रुख कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि करोड़ों की लागत से बनी इन व्यवस्थाओं का सही उपयोग होता, तो गांवों में छोटे छोटे मामलों के लिए पुलिस की जरूरत ही नहीं पड़ती।

### प्रमाणीकरण तक सिमट गई जनप्रतिनिधियों की भूमिका

पंचायत स्तर पर मुखिया और सरपंच की भूमिका अब केवल वंशावली, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और अन्य कागजी प्रमाणीकरण तक ही सीमित रह गई है। सामाजिक, पारिवारिक और आपसी विवादों के निपटारे में उनकी सक्रियता लगभग खत्म हो चुकी है। ग्राम कचहरी होने के बावजूद सरपंच और पंच विवादों की सुनवाई में रुचि नहीं लेते, जिससे लोगों को मजबूरन थानों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि केवल दस्तखत और प्रमाण पत्र जारी करने तक सीमित रहेंगे, तो पंचायत राज की मूल भावना और गांव स्तर की न्याय व्यवस्था दोनों ही कमजोर होती चली जाएंगी।

## एक नजर

### दसियांव में धूमधाम से मनाया जाएगा 25वां हरसु ब्रह्म जयंती महोत्सव

**केसठ।** प्रखंड के दसियांव गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में आगामी 27 जनवरी से 25वां हरसु ब्रह्म जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इसे लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश द्विवेदी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह महोत्सव हरसु ब्रह्म मानस मंडल के तत्वावधान में सात दिवसीय रूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रामायण पाठ, अखंड हरिकीर्तन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। वहीं प्रसिद्ध कथावाचक नरहरि दास सहित आधा दर्जन से अधिक संत-महात्माओं के आगमन की भी जानकारी दी गई।बैठक में आयोजन समिति का गठन करते हुए श्यामा कांत दुबे को अध्यक्ष, आशुतोष कुमार पाण्डेय को सचिव तथा हरिओम दुबे एवं दीपक दुबे को संयुक्त रूप से कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर हरेराम दुबे, मोनु दुबे, पिंटू दुबे, मोहन दुबे, दुलेश्वर साह, मनोज दुबे, पप्पू दुबे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने महोत्सव को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर सहयोग करने का संकल्प लिया।

### लोक शिकायत की जांच पर ब्रेक, धरने पर बैन डुमरांव में सवालों के घेरे में प्रशासनिक पारदर्शिता

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद से जुड़ा कथित भ्रष्टाचार का मामला अब प्रशासनिक फैसलों को लेकर नए विवाद में घिर गया है। जदयू नेता व पूर्व पार्षद धीरज कुमार द्वारा नगर परिषद के तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार पर हाई मास्ट लाइट, डेकोरेटिव पोल, तिरंगा लाइट, डस्टबिन, कॉम्पेक्टर मशीन व सफाई उपकरणों की खरीद में भारी वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। इस संबंध में अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण कार्यालय डुमरांव में परिवाद दायर किया गया था, जिस पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जांच टीम गठित करने का आदेश भी पारित हुआ।

लेकिन, मामला तब पलट गया जब लोक शिकायत निवारण अधिकारी ने अपने ही आदेश से पीछे हटते हुए बिना जांच कराए वाद समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। धीरज कुमार का आरोप है कि यदि लोक शिकायत निवारण प्रणाली केवल आरोपी लोक प्राधिकार के जवाब पर ही मामलों को निपटाएगी, तो बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम की प्रासंगिकता ही समाप्त हो जाती है।

इसी फैसले के विरोध में धीरज कुमार ने 15 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन की घोषणा करते हुए डुमरांव एसडीओ से अनुमति मांगी। लेकिन एसडीओ ने यह कहते हुए धरने पर रोक लगा दी कि परिवादी के पास अपील का विकल्प मौजूद है और उसे उसी रास्ते पर जाना चाहिए।

धरना रोकने के आदेश पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए धीरज कुमार ने कहा कि यह सिर्फ धरने पर रोक नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उठने वाली आवाज को दबाने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और आरोपी अधिकारी को बचाने के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों का गला घोंटा जा रहा है। धीरज ने इसे मौलिक अधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे।

पूर्व पार्षद ने जल्द ही खुला पत्र जारी कर पूरे मामले को राज्य सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंचाने की घोषणा की है। साथ ही संकेत दिया कि धरना-प्रदर्शन को लेकर नई रणनीति और नई तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी। अब सवाल यह है कि क्या डुमरांव में भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच होगी या विरोध की हर आवाज को ह्लअपील का रास्ताह्व दिखाकर खामोश कर दिया जाएगा।

# ग्रामीण छात्रों को प्रतियोगी माहौल से जोड़ने की पहल मंगराव में प्रतिभा खोज परीक्षा से बढ़ा आत्मविश्वास

**केटी न्यूज/राजपुर**

ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के माहौल से परिचित कराने और उनकी छिपी प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से प्रखंड के मंगराव स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में उर्मिला सेवा संस्थान द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल छात्रों की शैक्षणिक क्षमता को परखने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें भविष्य की बड़ी परीक्षाओं के लिए मानसिक रूप से तैयार करने का भी कार्य किया।

प्रतिभा खोज परीक्षा में हेठुआ, मंगराव, संगराव, उतड़ी, नागपुर और कजरिया सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा केंद्र पर सुबह 10 बजे से ही छात्रों की उपस्थिति शुरू हो गई थी। निर्धारित प्रक्रिया के तहत गहन जांच-पड़ताल के बाद ही छात्रों को परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। यह पूरी व्यवस्था छात्रों के लिए एक नया अनुभव रही, क्योंकि उन्हें यह समझाया गया कि उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में इसी तरह की अनुशासित और व्यवस्थित प्रक्रिया अपनाई जाती है। परीक्षा से पूर्व छात्रों को नियमों और परीक्षा पद्धति की जानकारी दी गई, जिससे वे तनावमुक्त होकर प्रश्नों को हल कर सकें। परीक्षा के दौरान छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास साफ नजर आया। कई छात्रों ने बताया कि इस तरह की परीक्षा में शामिल होकर उन्हें अपनी तैयारी का आकलन करने का अवसर मिला है और अब अन्य विषयों के प्रति भी उनकी जिज्ञासा बढ़ी है।

# समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक राहत पहुंचाना ही असली राष्ट्रसेवा है : प्रो. एके दूबे

- **भाजपा ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल, डुमरांव सहित कई जगहों पर आयोजित हुआ था**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा ठंड से जूझ रहे गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर यह संदेश दिया गया कि सेवा सिर्फ नारा नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाला कार्य है।

यह कार्यक्रम किसी एक स्थान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमरांव और ईटाढ़ी तक फैला। ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण से लेकर बक्सर के ऐतिहासिक रामरेखा घाट, रेलवे स्टेशन परिसर, ईटाढ़ी बाजार और डुमरांव के जंगली शिव मंदिर तक




सैकड़ों जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। सुबह से ही इन स्थलों पर बुजुर्ग, महिलाएं और मजदूरों की भीड़ जुटने लगी थी, जिनकी आंखों में ठंड से ज्यादा उम्मीद नजर आ रही थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बिहार संकलन योजना, दिल्ली प्रांत के उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. ए. के. दुबे ने सेवा को राजनीति से ऊपर बताते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। उन्होंने कहा कि संघ और भाजपा की कार्यसंस्कृति का मूल मंत्र ही जरूरतमंद के साथ खड़ा होना रहा है। कंबल वितरण के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने केवल सामग्री बांटने तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि लोगों की समस्याएं भी सुनीं। कहीं बुजुर्गों ने ठंड में गुजरती रातों की पीड़ा साझा की, तो कहीं मजदूरों ने काम के अभाव की बात कही। कार्यकताओं ने भरोसा दिलाया कि सेवा के ऐसे कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, विनोद उपाध्याय, वंशीधर पांडेय, ब्रजेश चौबे, श्रीभगवान सिंह त्यागी सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का सबसे सशक्त दृश्य तब देखने को मिला, जब कंबल ओढ़ते ही जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान फैल गई। यही मुस्कान इस सेवा अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि बनकर उभरी।

# गांवों में जनता दरबार आयोजित कर पुलिस ने सुनी लोगों की फरियाद, त्वरित न्याय की बढ़ी आस

- **डुमरांव पुलिस ने नंदन में जबकि कोरानसराय पुलिस ने मुगांव में आयोजित किया था जनता दरबार, एसपी के निर्देश पर सभी थानों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जनता दरबार**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एसपी शुभम आर्य के निर्देश पर जिले के सभी थानों की पुलिस गांवों में जनता दरबार आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुन उसका त्वरित समाधान कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को डुमरांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के नंदन जबकि कोरानसराय पुलिस ने मुगांव गांव में जनता दरबार का आयोजन किया।

इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुन उसका त्वरित निष्पादन किया तथा उन्हें महिलाओं के अधिकार, महिलाओं को घरेलु हिंसा से बचाने



के लिए बनाए गए कानून आदि की जानकारी दी गई तथा अपराध नियंत्रण में लोगों से सहयोग की अपील की गई। डुमरांव थाने द्वारा नंदन गांव में आयोजित जनता दरबार की अध्यक्षता एसडीपीओ पोलत्स कुमार ने जबकि संचालन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि जनता दरबार में कुल तीन मामले आए थे, जिनका त्वरित निष्पादन कर दिया गया। वहीं, ग्रामीणों खासकर महिलाओं को नये कानून की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपराध व तस्करी नियंत्रण में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। जबकि अपने संबोधन में एसडीपीओ ने जनता दरबार के उदेश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीणों को त्वरित व आसानी से न्याय दिलाने के लिए इस जनता दरबार का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण की जीरो टॉलरेंस की नीति तभी धरातल पर उतर सकती है जब आम लोग पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने लोगों से पुलिस से डरने की बजाय पुलिस को अपना मित्र समझने की अपील की।

### मुगांव में आए थे कुल 8 मामले

वहीं, कोरानसराय थाना द्वारा आयोजित जनता दरबार में कुल आठ मामले आए थे, जिनका त्वरित निष्पादन किया गया। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने बताया कि जनता दरबार में आए मामलों का निष्पादन के साथ ही वहां मौजूद महिलाओं को घरेलु हिंसा से बचाव के उपाए बताए गए तथा उन्हें महिला अधिकारों की जानकारी दी गई।

पुलिस द्वारा आयोजित यह जनता दरबार ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ऐसे ही सक्रियता दिखाए तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन करें तो समाज से कई समस्याओं का समाधान हो जाएगा तथा समाज में शांति-व्यवस्था बनी रहेगी। लोगों ने पुलिस के इस पहल की जमकर सराहना की है।

# डुमरांव पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभिया, वसूले 2.86 लाख जुर्माना

- **शनिवार की रात से रविवार की सुबह तक चला अभियान, पुलिस के तेवर से वाहन चालकों में मचा रहा हड़कंप**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

लॉ एंड ऑर्डर को दुरूस्त करने के साथ ही क्षेत्र में तस्करों व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए डुमरांव पुलिस ने सख्त रूख अख्तियार कर लिया है। इसी कड़ी में शनिवार की रात व रविवार की सुबह डुमरांव थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित सुमित्रा कॉलेज मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने वाहनों के कागजात, डीएल, चालकों के हेलमेट, सीट बेल्ट आदि के आलवे शराब व हथियार तस्करी की जांच भी की। सर्द रात में पुलिस के सड़क पर उतरने से बिना मानक के वाहन चलाने वाले चालकों, तस्करों, नशेड़ियों तथा अपराधियों की मुश्किले बढ़ी रही। इस संबंध में



थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार की रात 24 वाहनों से 1.31 लाख जबकि रविवार की सुबह 31 वाहनों से 1.55 लाख समेत कुल 55 वाहनों से 2.86 लाख रूपए का जुमार्ना वसूला गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था संधारण तथा अपराध व तस्करी पर लगाम लगाने के उदेश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि वहान जांच के दौरान तस्करों व अपराधियों की गतिविधियों पर खास नजर रखी जाएगी। दूसरी ओर पुलिस के इस तेवर से वाहन चालकों तथा अपराधियों की मुश्किलें बढ़ी रही। वाहन चालक पुलिस की जांच से बचने के लिए दूसरे रास्तों से भागते दिखाई पड़े।

थानाध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से पूरे कागजात व हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की नसीहत दी। जबकि, शहरवासी थानाध्यक्ष के इस तेवर की सराहना कर रहे है। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस इसी तरह मुश्तैद रही तो अपराधियों के हौसले पस्त हो जाएगा।

# सच्चा-झूठा : ट्रक ड्राईवर से चालान जांच के नाम पर माइनिंग अधिकारी ने की गुंडागर्दी, जमकर पीटा

- क्या चालान सही होने के बावजूद भी चालक से अवैध पैसे वसूलने की थी मंशा
- घटना की जानकारी पूछने पर कन्नी काटते दिखे खनन पदाधिकारी



**केटी न्यूज/नवादा**

रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर बीते शुक्रवार की रात्रि झारखंड की ओर से आने वाली वाहनों की माइनिंग इंस्पेक्टर संतोष कुमार के द्वारा जांच की जा रही थी।उसी क्रम में झारखंड की ओर से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक को जांच के लिए रोका गया। जांच के दौरान चालक से चालान मांगा गया,जिसके बाद चलान दिखाने के बाद माइनिंग के अधिकारी व उनके साथ रहे कई कर्मियों ने वीडियो बनाते हुए चालक से पूछा कि बोलो चलान का टाइमिंग फेल है। लेकिन चालक द्वारा बोला गया कि चलान का समय अभी है। इसी बात को लेकर माइनिंग के ऑफिसर व कर्मियों ने लाठी डंडे एवं एल्युमिनियम के रॉड से बुरी तरह मारपीट कर जबरन चालान का समय खत्म हो गया कहलाकर चालक से काबुल करवाया और उसकी वीडियो बनाई गई है।

**घायल चालक ने अस्पताल में कराया इलाज :** पिटाई से घायल ट्रक चालक अपना इलाज करवाने शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक ने बताया कि घायल चालक की पहचान नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के सकरौल गांव निवासी रामोतार यादव के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है।इलाज करवाने के बाद चालक ने बताया कि वे झारखंड के कोडरमा से गिट्टी लोडकर बिहार बॉर्डर पार ही कर रहे थे,तभी माइनिंग के अधिकारी के द्वारा चलान मांगा गया।चालक ने चलान भी दिया लेकिन चलान का समय रहते हुए भी माइनिंग के अधिकारी लोग मुझसे मारपीट कर चलान में समय नहीं रहने की बात बुलवाई।

**पुलिस ने चालक को पीट ट्रक जब्त किया :** घायल चालक ने कहा कि मुझे माइनिंग के अधिकारी सहित कई कर्मियों ने लाठी-डंडे,फोन के मोटे तार व रॉड से बुरी तरह मेरे साथ मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही की ट्रक संख्या जेएच.2 बीएल 8722 को जब्त कर रख लिया गया है और मुझे मेरे हाल पर छोड़ दिया। चालक ने शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज कराकर थाने को आवेदन लिखित आवेदन देने की बात कही है। हालांकि दूसरी तरफ चालक ने यह संभावना जताई की वाहन जांच अधिकारियों की जबरन अवैध रुपए वसूली की मंशा जाहिर हो रही थी। लेकिन मेरे पास ट्रक के सभी कागजात सही मौजूद थे। जबकि इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय ने दूरभाष पर कन्नी काटते हुए नजर आए। साथ ही आश्वासन दिया कि मामले की जानकारी ली जा रही है। जबकि थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि जांच चौकी पर एक चालक के साथ मारपीट की सूचना मिली है, किंतु आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है।

## एक्शन में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा

# पटना को बनाया जाएगा मॉडल राजस्व जिला, भूमि विवादों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश



**एजेंसी/पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने पटना जिले को मॉडल राजस्व जिला बनाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस बाबत उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना समाहरणालय के सभागार में जिले की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल, सचिव जय सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 94 प्रतिशत लघु और सीमांत किसान हैं और लगभग 76 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है। ऐसे में भूमि संबंधी मामलों का त्वरित समाधान जनकल्याण और सुशासन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि भूमि विवादों और अन्य भूमि संबंधी अपराधों में लगभग 68 प्रतिशत मामलों का संबंध जमीन विवादों से है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि भूमि सुधार विभाग की कार्यप्रणाली में सुधार करना समय की मांग है। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि कुछ क्षेत्रों में विभागीय खामियों के कारण लोग परेशान हैं और न्याय पाने के लिए अधिकारियों के पास लंबित मामलों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब हर कार्य को समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य होगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से, उन्होंने दीदारगंज, संपतचक, बिहटा और दानापुर अंचलाधिकारियों द्वारा मामलों के अत्यधिक लंबित रहने पर कड़ा असंतोष जताया और उनसे तुरंत स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि भूमि सुधार उप समाहताओं को अपने-अपने प्रखंडों में नियमित मॉनिटरिंग करनी होगी, पंचायत स्तर पर निरीक्षण करना होगा और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को सुनिश्चित करना होगा। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मामलों को लटकाने या गलत दाखिल-खारिज करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उनका यह भी कहना था कि भूमि सुधार विभाग के काम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। इस दिशा में 31 दिसंबर तक सभी लंबित मामलों का सही निष्पादन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। बैठक के दौरान यह भी चर्चा हुई कि पटना जिले को मॉडल जिला बनाने के लिए डिजिटलाइजेशन, फास्ट ट्रैक सिस्टम और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत जमीन विवादों के मामलों का रिकॉर्ड डिजिटल माध्यम से रखा जाएगा, जिससे किसी भी मामले की स्थिति तुरंत ट्रैक की जा सके। पंचायत स्तर पर भी अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने और विवादों के समाधान की प्रक्रिया की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि किसान और आम जनता को भूमि विवादों और अन्य भूमि संबंधी समस्याओं से तुरंत राहत मिले। उन्होंने जोर देकर कहा कि भूमि सुधार विभाग को अब जनता के लिए कार्यरत रहना होगा और किसी भी मामले में देरी, लापरवाही या भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने बैठक में बताया कि कुछ क्षेत्रों में मामलों की लंबित संख्या बढ़ी है, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी लंबित मामलों का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाएगा।

## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजकीय सम्मान से शिक्षक मुन्ना प्रसाद सम्मानित

**दिनारा ।** विद्यालय में शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक मुन्ना प्रसाद राजकीय सम्मान से हुए सम्मानित। ज्ञात हो कि शेरशाह की धरती जिला रोहतास दिनारा के मध्य विद्यालय सरांव में उत्कृष्ट एवं शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान एवं सराहनीय कार्य प्रदर्शन सत्र 2025 में किए गए विद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों के लिए बिहार विधान परिषद् पटना में बिहार विधान परिषद् अध्यक्ष प्रेम कुमार एवं राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के निदेशक संजय कुमार,आभा रानी, गणित के विद्वान प्रो. केसी सिन्हा, डॉ. रमेश चंद्र के हाथों द टीचर फ्यूचर मेकर्स राज्यस्तरीय मंच तले राजकीय सम्मानित शिक्षक मुन्ना प्रसाद मध्य वि सरॉव को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार के विजेता उन्होंने ने बताते हुए कहा कि पुरस्कार का श्रेय मेरे विद्यालय के छात्र छात्राओं, विद्यालय परिवार और रोहतास जिला के पदाधिकारीगण शिक्षकगण और अभिभावक के मार्गदर्शन और मेरे शैक्षणिक गतिविधि का ही प्रतीफल हैं। बिहार के 38 जिलों से चुने गए कई शिक्षक से रोहतास से केवल मुन्ना प्रसाद ही सम्मानित हुए। रोहतास जिला के सैकड़ों शिक्षकों और छात्रों, अभिभावकों द्वारा मुन्ना सर को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया जा रहा हैं।

## मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जगन्नाथ मठ में लोगों ने बनाई योजना

**राजपुर।** राजनडिह गांव में काली माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजन हेतु गांव के लोगों ने अमरपुर जगन्नाथ मठ पहुंच शनिवार को श्रीत्रिदडी स्वामी के पाद सेवक तपो मूर्ती संत यतिराज श्रीसुंदर राज के साथ विचार विमर्श किया। इस दौरान गांव की आर्थिक क्षमता को लोगों ने स्वामी जी के समक्ष रखा। अनुमानित कम खर्च में महायज्ञ सम्पन्न कराने का लोगों ने अनुरोध जताया.भक्तों की श्रद्धा देखकर स्वामी जी ने ग्रामीणों के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। महायज्ञ हेतु कथा की शुरूआत 19 अप्रैल को,जल संग्रह एवं शोभायात्रा 20 को तथा पुणार्हुती 25 अप्रैल को होगा। यज्ञ की तैयारी करने के लिए आवश्यक संसाधनों को जुटाने का लोगों ने भरोसा दिलाया।

## एसपी की त्वरित कार्रवाई से दोषी गिरफ्तार,प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

# कार्रवाई : नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या मामलें में एक कुकर्मी आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा नासरीगंज थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ बिक्रमगंज के नेतृत्व में टीम का गठन कर तकनीकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई की टीम तथा पैज्ञानिक अनुस्थान में सहयोग के लिए एफएसएल की टीम को भी शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम के द्वारा सुक्ष्मता से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटनास्थल के आस-पास मौजूद साक्षियों का ब्यान लिया गया। घटनास्थल का निरीक्षण एवं घटनास्थल के आस-पास मौजूद साक्षियों के द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मृतिका बच्ची गांव में ही ट्यूशन पढ़कर 11 दिसंबर समय करीब शाम के करीब 7:30 बजे के आस-पास अपने कोचिंग से निकली थी तथा उसी गांव के एक अन्य शिक्षक के



पास मृतिका के छोटा भाई ट्यूशन पढ़ता था जिसे लाने के लिए मृतिका बच्च्ची गांव के शिव मंदिर से उस शिक्षक के घर की तरक वाली गली में जा रही थी कि उसी समय उसी गाँव का उपेन्द्र राम भी अपने घर से शिव मंदिर की तरफ उस से आ रहा था,जिसके 5 से 10 मिनट के बाद ही बच्ची के साथ यह घटना घटित हुई है। पुलिस टीम के द्वारा इस काण्ड में संदिग्ध उपेन्द्र राम से इस घटना के संबंध में पूछताछ किया गया तो उन्होनें जो तथ्य प्रस्तुत किया उसकी जांच की गई तो उनके द्वारा प्रस्तुत किये गये सभी तथ्य गलत पाये गये। संदिग्ध उपेन्द्र राम के शरीर पर कई नाखुन एवं कोटे से हुआ खरोच जख्म पाया गया जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि घटना कारित करते समय बच्ची के द्वारा विरोध करने पर उसके नाखून से इन चेहरे व नाक आदि में जख्म का निशान हुआ है.। वहीं उपेन्द्र राम के पैर पर लगे खरोच का निशान घटना से जुड़े संदिग्ध उपेन्द्र राम के शरीर पर कई नाखुन एवं कोटे से हुआ खरोच जख्म पाया गया जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि घटना कारित करते समय बच्ची के द्वारा विरोध करने पर उसके नाखून से इन चेहरे व नाक आदि में जख्म का निशान हुआ है। वहीं उपेन्द्र राम के पैर पर लगे खरोच का निशान घटनास्थल पर ही हुआ है। जांच के क्रम में साक्षियों द्वारा यह बताया गया कि घटना के बाद उपेन्द राम साक्ष्य को मिटाने के पानी से उसने अपने पहने हुए जैकेट एवं फुलपेट को घर जाकर धोने का प्रयास किया था। जो सारे तथ्यों की जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि इस घटना को उपेन्द्र राम पिता बबन राम ग्राम तराव थाना नासरीगंज जिला रोहतास के द्वारा ही कारित किया गया है तथा दिगभ्रमित करने के लिए उनके द्वारा घटना कारित करने के बाद बच्ची के शव को घटनास्थल से उठाकर वहीं बगल में एक गली में लाकर रखकर बच्ची की शव होने का हल्ला किया गया ताकि उनके उपर कोई शक न करे। जिसे गिरफ्तार कर ली गई है।

## एक नजर

### उत्पाद विभाग टीम की बड़ी कार्रवाई में भारी मात्रा में शराब जब्त, 87 पेटी शराब जब्त

**केटी न्यूज/नवादा**



अनुमंडलीय क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया है।अवर निरीक्षक मद्य निषेध नागो लाकड़ा एवं न्यूटन के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम ने फतेहपुर-अकबरपुर ओवरब्रिज के समीप एक पिकअप वैन निबंधन संख्या बीआर 04 जीएल 7939 से 87 पेटी विदेशी शराब बरामद की है। यह कार्रवाई तब की गई जब टीम को सूचना मिली कि उक्त पिकअप वैन झारखंड से शराब लेकर थाली होकर बिहार आने वाली है। घेराबंदी के बाद जब पिकअप को पकड़ा गया और उसकी तलाशी ली गई, तो पाया गया कि शराब के कार्टून चालाकी से खाद की बोरियों के नीचे छुपा कर रखे गए थे।जब्त की गई कुल शराब की मात्रा 771.840 लीटर है,जिसमें विभिन्न ब्रांडों की 2,688 बोतलें शामिल हैं। बरामद शराब में मुख्य रूप से रॉयल स्टैग डीलक्स प्रीमियम व्हिस्की 375 एमएल एवं 750 एमएल और 180 एमएल के 83 कार्टन शामिल हैं, इसके अलावा ब्लेंडर्स प्राइड सिलेक्ट प्रीमियम व्हिस्की, आईकॉनिक व्हिस्की, मैकडोवेल नंबर वन व्हिस्की, और इंपिरियल ब्लू के भी एक-एक कार्टन जब्त किए गए हैं। उत्पाद टीम ने मौके से चालक पवन कुमार पिता जमडोरी दास, ग्राम जामसौती, थाना चरकुमा,जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने बताया कि वह यह शराब कोडरमा से लेकर बिहार शरीफ पहुंचाने जा रहा था। इस छापेमारी में मद्य निषेध सिपाही मोहम्मद इरफान अहमद ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। विभाग अब गिरफ्तार आरोपी से मिली जानकारी के आधार पर शराब के वास्तविक स्वामी और इस तस्करी नेटवर्क के आपूर्ति कर्ता एवं प्राप्त कर्ता के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है।

### हरदिया के नावाडीह जंगली क्षेत्र में बाघ दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप, भय व्याप्त

**केटी न्यूज/नवादा**



रजौली थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदिया पंचायत के जंगली क्षेत्र में नावाडीह,कोसदरियां गांव में पिछले एक सप्ताह से बाघ की लगातार चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खेतों व जंगलों में काम करने वाले किसान और आबादी क्षेत्र के लोग बाघ के बार-बार दिखने से भयभीत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ कई दिनों से गांव के किनारों पर घूम रहा है और छुट्टा गोवंशीय पशुओं को अपना निवाला बना रहा है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय थानाध्यक्ष राजेश कुमार को दी। वही पांच दिन पूर्व नावाडीह गांव निवासी परमेश्वर सिंह के गोवंशीय पशुओं को अपना निवाला बना लिया। जिसकी सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम पहुंची। वही 14 दिसंबर दिन रविवार की सुबह नावाडीह कोसदरियां के जंगल में बाघ गांव के समीप दिखाई दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर उसे खदेड़ दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बीते पांच दिनों से बाघ गांव और खेतों के आसपास मंडरा रहा है। वह अब तक एक पालतू पशुओं का शिकार कर चुका है। गांव के लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कांबिंग के बावजूद वन विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। विभाग केवल गश्त का दावा करता है, लेकिन बाघ खुलेआम गांव के बीच पहुंचकर हमला कर रहा है।

**बाघ के एंट्री से ग्रामीणों में दहशत :** गांव के लोगों में भारी दहशत है। महिलाएं और बच्चे घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते वन विभाग ने बाघ को पकड़ने की कार्रवाई नहीं की, तो फिर बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने एक बार फिर जिला प्रशासन और वन विभाग से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में वन विभाग रेंजर नारायण लाल सेवक ने बताया कि वन विभाग की टीम उसे ट्रैक करने की कोशिश में जुटी है।उधर, पुलिस भी इस पर नजर बनाए हुए हैं और ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

### सासाराम : आज तकिया फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सासाराम।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा तकिया अंतर्गत 11 केवी तकिया का नया लाइन विस्तारित होने के कारण विद्युत शक्ति उपकेंद्र से निकले 11 केवी तकिया फीडर का विद्युत आपूर्ति आज सोमवार को 10 बजे से 16 बजे के बीच बन्द रहेगी। इस संदर्भ में सहायक विद्युत अभियंता सासाराम शहर क्षेत्र के रंजन कुमार द्वारा उक्त फीडर के सभी उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# यातायात सुरक्षा क्रिकेट मैच में पत्रकार टीम बनी विजेता, उपविजेता रही पुलिस टीम

**केटी न्यूज/रोहतास**



यातायात सुरक्षा जागरूकता तहत पुलिस और पत्रकार टीमों के बीच आयोजित फाइनल क्रिकेट मैच में पत्रकारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रनों से जीत हासिल की । यह रोमांचक मुकाबला काराकाट नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद रविश रंजन के सौजन्य से खेला गया,जिसकी सभी ओर सराहना हो रही है। क्रिकेट मैच की शुरूआत एसडीपीओ सह एएसपी बिक्रमगंज आईपीएस संकेत कुमार व उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर की। मैच से पहले ट्रायल बल्लेबाजी में आईपीएस संकेत कुमार ने बल्ला संभाला,तो उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने गेंदबाजी की। उन्होंने ने लंबे छक्के और चौके लगाए,फिर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। टॉस जीतकर पत्रकार टीम ने पहले बल्लेबाजी चुनी और 16 ओवरों में 3 विकेट खोकर 152 रन बनाए । सलामी बल्लेबाज प्रिंस कुमार ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली,उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया । शिवम कुमार ने 45 और रवि प्रकाश ने 37 रनों का योगदान दिया । विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी पुलिस टीम की शुरूआत थानाध्यक्ष काराकाट विवेक कुमार और एएसआई निशांत कुमार ने की,लेकिन जल्द विकेट गिरने से टीम मुश्किल में फंस गई । 16 ओवरों में पुलिस 126 रनों पर सिमट गई । बेस्ट बॉलर का पुरस्कार आशुतोष कुमार को मिला,जबकि अमित कुमार (उपकप्तान),राहुल मिश्रा (कप्तान) ने शानदार गेंदबाजी की । पुलिस की ओर से सर्किल इंस्पेक्टर कुणाल कृष्णा,थानाध्यक्ष कछवां मनीष कुमार,एएसआई रोहित कुमार व अन्य शामिल रहे। बेस्ट फील्डर रोहन कुमार को साई क्रिकेट अकादमी के कोच सह सक्रिय मैच के मुख्य अंपायर कुलबुल श्रॉफ ने नकद पुरस्कार और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच समाप्ति पर उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने विजेता पत्रकार टीम को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए, जबकि उपविजेता पुलिस टीम को उपविजेता ट्रॉफी दी। पत्रकार कप्तान राहुल मिश्रा ने कहा कि यह जीत यातायात सुरक्षा का नया संदेश देगी। पुलिस कप्तान विवेक कुमार बोले कि यातायात सुरक्षा के लिए यह मैच महत्वपूर्ण था। यह मैच न केवल रोमांचक रहा,बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी बना। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद विपिन कुमार सिंह,सुरेश माली,संतोष कुमार तिवारी,संजय राम, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार,संतोष कुमार,विनोद चौधरी,विनेश कांत तिवारी,संजय कुमार,पप्पू तिवारी, संतोष कुमार,मलू कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# साजिश : ग्राम पंचायत सचिव पर अवैध रुपए मांगने का लगा आरोप, सचिव ने किया खंडन

**केटी न्यूज/नवादा**



थाना क्षेत्र के लेंगुरा गांव में पंचायत सचिव पर एक परिवार से मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर 10 हजार रुपए की मोटी रकम मांगने का पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाने का मामला संज्ञान में आया था। इस संदर्भ में गांव निवासी मो. शमशेर आलम ने अनुमंडल पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते हुए पंचायत सचिव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग किया था। पंचायत सचिव ने बताया कि शिकायतकर्ता मो. शमशेर आलम, जो कलीम उद्दीन के बेटे हैं, उन्होंने अधिकारियों को बताया कि उनके पिता का निधन 9 मार्च 2025 को उनके निजी आवास पर हो गया। लेकिन जब मैने इसकी पुष्टि हेतु ग्रामीणों से बात किया तो उन्होंने बताया कि शमशेर आलम के पिता कलीम उद्दीन की मृत्यु कोलकाता में हुई थी यह बात बिलकुल सत्य है। जब मैने प्रमाणपत्र बनाने से मना किया तो उसने मेरे ऊपर वरीय अधिकारी को लिखित आवेदन दे दिया। साथ ही मेरे ऊपर पैसा मांगने का आरोप भी लगाया। इस बात पर पंचायत सचिव ने कहा कि मेरे ऊपर लगाएं गए आरोप बिलकुल झूठ है। मुझे बदनाम करने की साजिश की जा रही है जिससे मैं काफी परेशान हूं और मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुका हूं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# डाकघर में शुरू हुई 'ज्ञान पोस्ट' सेवा : महज 20 रुपये में देशभर में भेजें किताबें




**एजेंसी। पटना**

छात्रों और शिक्षकों के लिए डाकघर से बड़ी राहत की खबर सामने आई है। अब बिहार के सभी डाकघरों से महज 20 रुपये में देश के किसी भी कोने में किताबें और शैक्षणिक सामग्री भेजी जा सकेंगी। इसके लिए भारतीय डाक विभाग ने ह्यज्ञान पोस्टह्न नाम से नई विशेष सेवा शुरू की है। इस सेवा का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक सामग्री को कम खर्च में लोगों तक पहुँचाना है। जिले के वरीय पोस्ट मास्टर राजेश कुमार ने बताया कि ज्ञान पोस्ट सेवा के तहत किताबें, पत्रिकाएं, साहित्यिक दस्तावेज, धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सामग्री को रियायती दरों पर भेजा जा सकेगा। यह सेवा अब जिले के सभी डाकघरों में लागू कर दी गई है। खासकर छात्रों, शिक्षकों, पुस्तक प्रकाशकों और सामाजिक संगठनों को इससे सीधा लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार, ज्ञान पोस्ट सेवा के माध्यम से 300 ग्राम से लेकर 5 किलो तक के पैकेट भेजे जा सकते हैं। इसके लिए डाक विभाग ने स्पष्ट शुल्क तय किया है। 300 ग्राम तक के पैकेट पर 20 रुपये, 301 से 500 ग्राम तक 25 रुपये, 501 ग्राम से 1 किलो तक 35 रुपये, 1 से 2 किलो तक 50 रुपये, 2 से 3 किलो तक 65 रुपये, 3 से 4 किलो तक 80 रुपये और 4 से 5 किलो तक 100 रुपये शुल्क लिया जाएगा। डाक विभाग ने स्पष्ट किया है कि ज्ञान पोस्ट सेवा केवल गैर-वाणिज्यिक और शैक्षणिक सामग्री के लिए है। इसके तहत साधारण या व्यावसायिक वस्तुएं नहीं भेजी जा सकती हैं। इसका उद्देश्य देश के दूर-दराज इलाकों तक भी पुस्तकों और अध्ययन सामग्री की आसान और किफायती पहुंच सुनिश्चित करना है। ग्राहक अपनी भेजी गई किताबों और पैकेटों को क्ल्ल्र्र ढ्ढ्न२३ की वेबसाइट पर ट्रैक कर सकते हैं। इसके साथ ही पोस्टिंग और डिलीवरी सर्टिफिकेट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। डाक विभाग का मानना है कि यह पहल शिक्षा और ज्ञान के प्रसार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उविशेषज्ञों का कहना है कि यह सेवा छात्रों और शिक्षकों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगी। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब महंगी डिलीवरी की चिंता किए बिना अपनी किताबें और अध्ययन सामग्री किसी भी राज्य में भेज सकते हैं। इसके अलावा, पुस्तक प्रकाशक और सामाजिक संगठन भी इस सेवा का इस्तेमाल कर समाज में ज्ञान और शिक्षा का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। उराजेश कुमार ने बताया कि ज्ञान पोस्ट सेवा का लाभ उठाने के लिए किसी भी व्यक्ति को विशेष दस्तावेज या आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। किसी भी डाकघर से सीधे यह सुविधा उपलब्ध है। डाक विभाग का कहना है कि भविष्य में इस सेवा को और अधिक आसान और तेज बनाने के लिए तकनीकी अपडेट किए जाएंगे। इस पहल से न केवल छात्रों और शिक्षकों को फायदा होगा, बल्कि पूरे शिक्षा क्षेत्र में किताबों और शैक्षणिक सामग्री की पहुँच में सुधार होगा। कम खर्च में सामग्री भेजने की सुविधा से पढ़ाई और ज्ञान का प्रसार देशभर में और अधिक प्रभावी तरीके से होगा। बिहार में शुरू हुई यह सेवा शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र में डाक विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। अब छात्रों और शिक्षकों को किताबों और अध्ययन सामग्री की उपलब्धता और डिलीवरी की चिंता नहीं रहेगी। यह कदम देशभर में शिक्षा और अध्ययन के स्तर को बढ़ाने में मददगार साबित होगा।

## एक नजर

### गलत बिजली बिल से मिलेगी छुटकारा, बदली जा रही है मीटर रीडिंग व्यवस्था

**पटना।** बिजली आज आधुनिक जीवन की सबसे अहम जरूरतों में से एक बन चुकी है। घरों में रोशनी, पंखा, फ्रिज, मोबाइल चार्जिंग से लेकर उद्योग, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक हर क्षेत्र बिजली पर निर्भर है। ऐसे में बिजली बिलिंग को लेकर अगर गड़बड़ी हो, तो आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। इसी समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने एक अहम और दूरगामी फैसला लिया है, जिससे लाखों उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब मीटर रीडिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए निजी संस्थान के मीटर रीडर के साथ एक विभागीय कर्मचारी को भी तैनात किया जाएगा। यह दोनों की संयुक्त टीम हर दो महीने में एक बार उपभोक्ताओं के घर जाकर मीटर रीडिंग लेगी। विभागीय कर्मचारी की मौजूदगी से रीडिंग में गड़बड़ी, मनमानी और गलत आंकड़ों की शिकायतों पर काफी हद तक रोक लगेगी। उपभोक्ताओं को अब सही रीडिंग के आधार पर ही बिल मिलेगा अब तक कई इलाकों, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि मीटर रीडर समय पर नहीं पहुंचते या फिर बिना सही रीडिंग लिए अनुमान के आधार पर बिल थमा दिया जाता है। खराब रास्ते, दूर-दराज के गांव, बरसात के मौसम में बाढ़ और अन्य प्राकृतिक बाधाओं के कारण मीटर रीडिंग का काम प्रभावित होता रहा है। इसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर पड़ता था, जिन्हें अचानक ज्यादा बिल चुकाना पड़ता था और विभाग के चक्कर लगाने पड़ते थे। इन्हीं व्यावहारिक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग ने मासिक बिलिंग की जगह अब दो महीने में एक बार बिलिंग करने का निर्णय लिया है। विभाग का मानना है कि दो महीने की अवधि में मीटर रीडिंग के लिए पर्याप्त समय मिलेगा और हर उपभोक्ता तक टीम आसानी से पहुंच सकेगी। इससे गलत रीडिंग और अनुमानित बिल की समस्या में कमी आएगी, खासकर ग्रामीण इलाकों में यह व्यवस्था ज्यादा प्रभावी साबित होगी।

### जंग बहादुर पासवान हत्याकांड का खुलासा चार साल बाद फरार दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** चार साल पुराने हत्या कांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। अधौरा थाना क्षेत्र के तेलहाड़ कुंड में हुए जंग बहादुर पासवान हत्याकांड में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में भभुआ के डीएसपी मनोरंजन भारती ने प्रेस वार्ता कर विस्तृत जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि 16 दिसंबर 2021 की रात अधौरा थाना क्षेत्र स्थित तेलहाड़ कुंड में जंग बहादुर पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता के आवेदन पर अधौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अनुसंधान के क्रम में इस हत्याकांड में शामिल एक आरोपी मुरारी सिंह, निवासी ग्राम राधा खाड़, को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था। आगे की जांच में दूसरे आरोपी शहनाज अंसारी, पिता इस्लाम अंसारी, निवासी ग्राम भगवानपुर, थाना भगवानपुर का नाम सामने आया। पुलिस को सूचना मिलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। डीएसपी ने बताया कि आरोपी को थाना लाए जाने के दौरान वह वाहन से कूदकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन अधौरा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार और प्रोबेशनल पदाधिकारी वर्षा सिंह ने साहस दिखाते हुए उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार शहनाज अंसारी एक शातिर अपराधी है और उत्तर प्रदेश के चंदौली, रॉबर्ट्सगंज सहित भभुआ क्षेत्र में कई मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं में उसकी संलिप्तता रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि जंग बहादुर पासवान की हत्या आपसी लेन-देन के विवाद में की गई थी और इस कांड में कुल दो आरोपी शामिल थे।

# 60 फीसदी अपराध जेल से, माफिया को नहीं मिलेगी कोई राहत : उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा और सख्त बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में होने वाले करीब 60 फीसदी अपराध जेल के अंदर से संचालित हो रहे हैं। राज्य सरकार इस सच्चाई से भली-भांति अवगत है और अपराध पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पूरी दृढ़ता के साथ कार्रवाई कर रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अब किसी भी माफिया को बख्शा नहीं जाएगा। सारे माफिया जेल भेजे जाएंगे और कोई भी माफिया जेल के बाहर नहीं रहेगा। चाहे कोई कितना भी ताकतवर क्यों न हो, अपराध करके बच नहीं सकता। अपराधियों के मन में कानून का डर होना चाहिए और सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शनिवार को दीघा विधानसभा कार्यालय परिसर में आयोजित ह्लअभिनंदन दीघा कार्यकर्ता सम्मान समारोहह्व के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम लोगों को सरकार के इन प्रयासों के शीघ्र परिणाम देखने को मिलेंगे। सरकार ने अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने की रणनीति पर काम तेज कर दिया है, ताकि जेल से चल रहे अपराधों पर भी पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।सम्राट चौधरी ने इस दौरान चारा घोटाले के अभियुक्तों को लेकर भी बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि चारा घोटाले में दोषी पाए गए अभियुक्तों के घरों को जब्त किया जाएगा। यही नहीं, सरकार उन जब्त किए गए घरों में स्कूल खोलेगी, जहां गरीब और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहार में इससे पहले एक डीजीपी के मामले में ऐसा किया जा चुका है। उनका घर जब्त कर उसमें स्कूल खोला गया है। अब इसी मॉडल को चारा घोटाले के अभियुक्तों के घरों पर लागू किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम सामाजिक न्याय और नैतिक संदेश दोनों के लिहाज से अहम होगा। इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार अगले पांच वर्षों तक सुशासन, कानून का राज और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस करेगी। उन्होंने बताया कि इसी सोच के तहत सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में 25 चीनी मिलों को खोलने का फैसला लिया है। इससे न सिर्फ किसानों को लाभ होगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार का सपना तभी साकार होगा, जब रोजगार की तलाश में बाहर गए बिहार के नौजवानों की घर वापसी होगी। उपमुख्यमंत्री ने दीघा क्षेत्र से जुड़े भूमि विवादों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राजीव नगर, नेपाली नगर और दीघा की कुल 1024.52 एकड़ भूमि के न्यायपूर्ण समाधान का मामला अब आखिरी चरण में है। सरकार का प्रयास है कि आम लोगों को न्याय मिले और वर्षों से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान हो। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि राज्य में सुशासन के साथ-साथ उद्योगों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार की प्रतिबद्धता है कि हर जिले में कल-कारखाने लगें, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा हों और आर्थिक विकास को गति मिले। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की ताकत यह है कि चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी विपक्ष से नहीं, बल्कि आपस में ही बेहतर प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा करते हैं। उन्होंने इसे पार्टी की संगठनात्मक मजबूती का संकेत बताया।

## नीतीश सरकार का बड़ा कदम : बिहार में वर्ल्ड स्किल सेंटर मॉडल होगा लागू, युवाओं को मिलेगा विदेश जाने का मौका



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए राज्य में वर्ल्ड स्किल सेंटर मॉडल लागू करने जा रही है। इस योजना के तहत युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें विदेशों में भी बेहतर नौकरी के अवसर मिल सकेंगे। सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें और राज्य का नाम रोशन करें। नई सरकार बिहार के युवाओं के कौशल विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाने की तैयारी में है। इसके तहत वर्ल्ड स्किल सेंटर मॉडल को लागू करने पर प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस मॉडल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, थ्री-डी प्रिंटिंग जैसे आधुनिक और भविष्योन्मुखी कौशल शामिल होंगे, जो आने वाली नौकरियों के लिए आवश्यक हैं। भुवनेश्वर में स्थापित वर्ल्ड स्किल सेंटर के मॉडल को लेकर श्रम संसाधन विभाग ने गंभीरता दिखाई है। विभाग इसे बिहार में युवाओं के कौशल विकास के लिए लागू करेगा। अब चूंकि युवा रोजगार और कौशल विभाग बन चुका है, युवाओं के कौशल विकास संबंधी सभी कार्य इस नए विभाग के दायरे में आए हैं। बिहार कौशल विकास मिशन के माध्यम से राज्य के युवाओं को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देने का प्रयास किया जाएगा। वर्ल्ड स्किल सेंटर के मॉडल के लागू होने से बिहार के युवा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में सक्षम होंगे। राज्य के युवा हमेशा प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि वर्ल्ड स्किल सेंटर मॉडल लागू होने से बिहार के मेधावी युवाओं को हर साल स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विदेश जाने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का व्यावसायिक प्रशिक्षण और इंडस्ट्री एक्सपोजर भी मिलेगा, जिससे वे वैश्विक मानकों के अनुसार खुद को तैयार कर सकेंगे।

## नया प्रॉपर्टी टैक्स नियम : होटल, जिम और निजी अस्पताल पर दोगुना टैक्स, कोचिंग और स्कूल पर भी पड़ेगा असर

**एजेंसी। पटना**

पटना नगर निगम ने शहर की गैर-आवासीय संपत्तियों के लिए प्रॉपर्टी टैक्स में बड़े बदलाव की घोषणा की है। यह नई अधिसूचना बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत जारी की गई है। नगर निगम का उद्देश्य कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और न्यायसंगत बनाना है, साथ ही शहरी राजस्व सुधार को मजबूत करना भी है। नई टैक्स व्यवस्था के तहत विभिन्न संपत्तियों के लिए कर दरें उनके उपयोग और गतिविधियों के आधार पर तय की गई हैं। सबसे प्रमुख बदलाव यह है कि अब होटल, जिम, हेल्थ क्लब, क्लब, विवाह भवन, निजी अस्पताल, बैंक, बीमा कंपनियां और बड़े गोदामों पर कर गुणांक 2 तय किया गया है। इसका अर्थ है कि इन संपत्तियों पर पहले की तुलना में दोगुना प्रॉपर्टी टैक्स देना होगा। नगर निगम के अनुसार, अधिक व्यवसायिक गतिविधियों वाली संपत्तियों से अधिक राजस्व जुटाना तर्कसंगत है।शोरूम, शॉपिंग मॉल, सिनेमा हॉल, मल्टीप्लेक्स, रेस्तरां और मध्यम आकार के गोदामों (1 से 3 हजार वर्ग फुट तक) पर 1.5 गुणांक लागू होगा। इसी तरह कोचिंग संस्थान, गाइडेंस सेंटर, ट्रेनिंग संस्थान और उनके छात्रावास, नर्सिंग होम, क्लिनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर और निजी स्कूल, कॉलेज तथा शोध संस्थानों पर भी 1.5 गुणांक तय किया गया है। गैर-व्यावसायिक सरकारी कार्यालयों पर कर गुणांक 1 रखा गया है, जबकि धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थानों को पूरी तरह टैक्स से मुक्त रखा गया है। नगर निगम का मानना है कि यह नई टैक्स संरचना व्यवसायिक और शैक्षणिक संपत्तियों के अनुसार न्यायसंगत है और शहर के राजस्व में वृद्धि करेगी। विशेष रूप से, इस नई टैक्स व्यवस्था से नगर निगम को शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं में निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बदलाव सभी गैर-आवासीय संपत्तियों पर समान रूप से लागू होगा और कर संग्रह प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाएगा। शहर के व्यापारियों और संस्थाओं के लिए यह बदलाव शुरूआती दौर में चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन निगम का उद्देश्य केवल अधिक कर वसूलना नहीं बल्कि कर प्रणाली को सुव्यवस्थित और स्पष्ट बनाना है। नए नियमों के तहत कर देने वाले व्यवसायों को अपने खर्च और वित्तीय योजना में संशोधन करना होगा ताकि दोगुना या 1.5 गुणांक वाले कर का भार आसानी से संभाला जा सके।

## भागलपुर में सनसनीखेज घटना : मोबाइल नहीं देने पर प्रेमी ने प्रेमिका को चलती ट्रेन से फेंका



**एजेंसी। भागलपुर**

भागलपुर के सबौर रेलवे स्टेशन पर मोबाइल देने से इनकार करने पर प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल युवती का अस्पताल में इलाज जारी है, पुलिस जांच में जुटी है। भागलपुर के सबौर रेलवे स्टेशन पर एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां मोबाइल देने से इनकार करने पर एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को चलती ट्रेन से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल युवती का अस्पताल में इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद इम्तिहाज की 19 वर्षीय बेटी रश्मि खातून और मोहम्मद कलीम के 21 वर्षीय बेटे मोहम्मद सीटू के बीच पिछले दो वर्षों से प्रेम संबंध था। दोनों की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी और वे पड़ोस में ही रहते थे। आरोपी युवक दिल्ली में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। बताया गया कि 4 दिसंबर को मोहम्मद सीटू ने रश्मि को फोन कर भागकर शादी करने का प्रस्ताव दिया। इसके बाद रश्मि अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर दिल्ली चली गई। हालांकि, आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचते ही आरोपी युवक उसे अकेला छोड़कर फरार हो गया। स्टेशन पर संदिग्ध हालत में घूमती रश्मि को आनंद विहार जीआरपी पुलिस ने हिरासत में लिया और उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन दिल्ली पहुंचे। बाद में आरोपी युवक भी थाने पहुंचा, जहां बॉड पेपर भरवाने के बाद सभी को छोड़ दिया गया। इसके बाद रश्मि, उसकी मां और आरोपी युवक ब्रह्मपुत्र मेल से वापस भागलपुर के लिए रवाना हुए। इसी दौरान, जैसे ही ट्रेन सबौर रेलवे स्टेशन पहुंची, आरोपी युवक ने रश्मि से उसका मोबाइल फोन मांगने की कोशिश की। जब रश्मि ने मोबाइल देने से इनकार किया तो आरोपी ने उसे चलती ट्रेन से नीचे धक्का दे दिया। इसके बाद वह खुद भी ट्रेन से कूद गया। घटना के समय रश्मि की मां बाथरूम गई हुई थी।घटना की जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल रश्मि को इलाज के लिए सबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कहलगांव रेफरल अस्पताल ले जाया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल रश्मि ने बताया कि आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर उसे दिल्ली ले गया था, लेकिन वहां शादी नहीं की और उसे छोड़कर फरार हो गया।

# बिहार में बर्फीली हवाओं का असर बरकरार, तापमान में गिरावट से बढ़ी ठिठुरन



**एजेंसी। पटना**

बिहार में इन दिनों बर्फीली हवाओं का दौर लगातार जारी है, जिसके कारण राज्य भर में ठंड का असर साफ तौर पर महसूस किया जा रहा है। सुबह और शाम के समय सर्द हवाओं ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। खुले इलाकों में ठंड अधिक तीखी लग रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव का सहारा लिया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्य में मौसम का मिजाज स्थिर बना रहेगा और आने वाले कुछ दिनों में तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले 4 से 5 दिनों के दौरान बिहार के अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। वहीं, अगले 2 से 3 दिनों तक न्यूनतम तापमान भी लगभग स्थिर बना रह सकता है। इसका मतलब यह है कि ठंड से फिलहाल राहत मिलने के आसार नहीं हैं और लोगों को अभी कुछ दिन और सर्दी का सामना करना पड़ेगा। खासकर सुबह के समय ठंड का असर ज्यादा रहेगा। मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि अगले 2 से 3 दिनों के दौरान राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है। हालांकि, घने कोहरे को लेकर फिलहाल कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। इसके बावजूद सुबह के समय सड़कों पर निकलने वाले वाहन चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि हल्का कोहरा भी दृश्यता को प्रभावित कर सकता है। राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल, पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया सहित कई जिलों में बारिश या किसी अन्य मौसमीय गतिविधि की संभावना नहीं है। इन जिलों में दिन में धूप निकलने की उम्मीद है, लेकिन ठंडी हवाओं के कारण तापमान में ठंडक बनी रहेगी। फिलहाल किसी भी जिले के लिए मौसम विभाग ने कोई चेतावनी जारी नहीं की है। न तो शीतलहर को लेकर और न ही घने कोहरे या बारिश को लेकर कोई अलर्ट है। यह राहत की बात है कि मौसम सामान्य दायरे में बना हुआ है, हालांकि ठंड का असर लोगों को परेशान कर रहा है। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। ठंड के चलते बाजारों में भी गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय लोग ऊनी कपड़े, जैकेट, टोपी और दस्ताने पहने नजर आ रहे हैं। वहीं, किसानों के लिए यह मौसम फिलहाल अनुकूल माना जा रहा है, क्योंकि शुष्क मौसम के कारण फसलों को नुकसान की आशंका कम है।

## एनएच-22 पर आमने-सामने टक्कर, दो की मौके पर मौत, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**एजेंसी। पटना**

जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उमताझ्रधरनई गांव के समीप न्यू बाइपास एनएच-22 पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दर्दनाक दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गया की ओर से पटना जा रही एक मोटरसाइकिल और विपरीत दिशा से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में उमता थाना क्षेत्र के दो स्थानीय लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों गंभीर घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी दोनों की स्थिति चिंताजनक बनी रही, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया।

# सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए बवाल पर जल्द रिपोर्ट सौंपेगी जांच समिति, एआईएफएफ का भी आया बयान



एजेंसी। नई दिल्ली

अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के भारत दौरे के दौरान कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए बवाल पर जांच समिति जल्द रिपोर्ट सौंपेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज असीम कुमार रे की अगुआई में जांच समिति इस घटना की जांच कर रही है। मेसी शनिवार को कोलकाता पहुंचे थे, लेकिन अव्यवस्था के कारण वह स्टेडियम से जल्दी चले गए जिसके बाद नाराज प्रशंसकों ने जमकर उत्पात मचाया था।

मेसी G.O.A.T दौरे पर भारत पहुंच चुके हैं। पहले दिन वह कोलकाता पहुंचे और सॉल्ट लेक स्टेडियम का दौरा किया। लैप ऑफ ऑनर के बाद वह स्टेडियम से जल्दी निकल गए। इसके बाद सॉल्ट लेक स्टेडियम में मौजूद फैंस ने जमकर हंगामा किया। मेसी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे थे। सबसे बड़ी बात कि उन्होंने टिकट के लिए भारी कीमत भी चुकाई थी। ऐसे में उनके जल्दी स्टेडियम से जाने से फैंस भड़क गए। सुरक्षा कारणों से उनके चारों ओर घेरा इतना सख्त कर दिया गया कि गैलरी में बैठे आम दर्शक उन्हें ठीक से देख ही नहीं सके। फैंस का आरोप है कि न सिर्फ मैदान में, बल्कि स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर भी मेसी की साफ तस्वीर नहीं दिखाई गई। सुबह से इंतजार कर रहे दर्शक खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगे। धीरे-धीरे 'वी वांट मेसी' के नारे पूरे स्टेडियम में गूंजने लगे और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के तुरंत बाद स्टेडियम के अंदर के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। टूटे बैनर, गुस्साए फैंस और अव्यवस्था की तस्वीरें उस उत्सव के बिल्कुल उलट थीं, जिसकी उम्मीद मेसी के आगमन से की जा रही थी। बंगाल सरकार ने सेवानिवृत न्यायमूर्ति असीम रे के नेतृत्व में जांच समिति गठित की थी। असीम रे ने कहा, 'मैं अभी कोई राय नहीं रख सकता है। मैंने अभी स्टेडियम का दौरा किया है और हम जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपेंगे।' इससे पहले बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्य सचिव डॉक्टर मनोज पंत के साथ स्टेडियम का दौरा किया था।

### कल्याण चौबे ने पश्चिम बंगाल सरकार को घेरा

इस घटना को लेकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। कल्याण चौबे ने कहा, मेसी और रोनाल्डो दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शुमार हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के जरिए लाखों प्रशंसक उन्हें फॉलो करते हैं। फुटबॉल दुनिया का सबसे ज्यादा खेला जाने वाला खेल है। कल की घटना कोलकाता के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रही। इसे टाला जा सकता था। इससे पता चलता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार कितनी अप्रस्तुत और प्रबंधकीय कौशल से रहित है। उन्होंने कहा, इससे न केवल मेसी को देखने के लिए टिकट खरीदने में भारी रकम खर्च करने वाले प्रशंसकों को आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि भारत को भी इससे कहीं ज्यादा कीमत चुकानी पड़ेगी, खासकर तब जब प्रधानमंत्री खेल के जरिए भारत को एक सॉफ्ट पावर के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। जब भारत 2036 ओलंपिक के लिए बोली लगा रहा है, जब भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहा है, जब भारत विश्व पुलिस खेलों की मेजबानी कर रहा है, इन प्रतियोगिताओं के दौरान, प्रतिद्वंद्वी यह सवाल उठा सकते हैं कि क्या कोलकाता या पश्चिम बंगाल किसी अंतरराष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी के लिए तैयार नहीं है? शायद प्रबंधन या सरकार इसके लिए परिपक्व नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि इसकी कीमत बंगाल और कोलकाता को अगले 50 वर्षों तक चुकानी पड़ेगी।

मुंबई में दिखा मेसी का क्रेज, वानखेड़े स्टेडियम में हुआ भव्य कार्यक्रम

# सचिन तेंदुलकर ने लियोनल मेसी को वर्ल्डकप जर्सी गिफ्ट की




एजेंसी। नई दिल्ली

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी भारत में 3 दिन के 'GOAT इंडिया' टूर पर हैं। दौरे के दूसरे दिन उन्होंने मुंबई में क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर से मुलाकात की। सचिन ने वानखेड़े स्टेडियम में उन्हें अपना नाम लिखी हुई टीम इंडिया की वर्ल्ड कप जर्सी गिफ्ट की। मेसी शाम करीब 5.30 बजे वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल के साथ अर्जेंटीना और भारत का झंडा भी थामा। साथ ही मेसी ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और बॉलीवुड के सितारों से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल खेला और दर्शकों में फुटबॉल भी फेंकी। मेसी ने मुंबई में सुआरेज और डी पॉल के साथ पैडल इवेंट में हिस्सा लिया। वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर से ही दर्शकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। शाम करीब 5.30 बजे भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री वानखड़े स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने इंडियन स्टार्स और मित्र स्टार्स टीम के साथ फ्रेंडली मैच खेला। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ भी मैच खेलते नजर आए। मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। शाम करीब 6 बजे सचिन तेंदुलकर और मेसी वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। मेसी यहां छेत्री से मिले और उन्हें मोमेंटो और जर्सी भी गिफ्ट की। कुछ देर बाद मेसी ने पेनल्टी शूटआउट में हिस्सा लिया। इस दौरान फैंस ने बार्का (मेसी के पिछले क्लब बार्सिलोना) के नारे लगाए।शूटआउट के बाद मेसी ने मैदान का चक्कर लगाया और दर्शकों में फुटबॉल फेंकी। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ फुटबॉल भी खेला। आखिर में मेसी ने महाराष्ट्र के उट देवेंद्र फडणवीस, बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन और एक्ट्रेस करीना कपूर से भी मुलाकात की। इस दौरान सचिन ने मेसी को अपनी 2011 वनडे वर्ल्ड कप की जर्सी गिफ्ट की। एक दिन पहले मेसी ने हैदराबाद में बच्चों के साथ फुटबॉल खेला था। यहां वे सीएम रेवंत रेड्डी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से भी मिले थे। उन्होंने कोलकाता में अपने 70 फीट ऊंचे स्टैच्यू का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। मेसी के सॉल्ट लेक स्टेडियम से जल्दी निकले से नाराज फैंस ने तोड़फोड़ भी कर दी थी। मेसी के साथ रोड्रिगो डी पॉल और लुईस सुआरेज भी हैं। मेसी यूनाइटेड नेशंस के चाइल्ड ऑर्गनाइजेशन वठक्छएत्र के ब्रांड एम्बेसडर हैं, इसके तहत वे भारत में 'GOAT इंडिया' टूर कर रहे हैं। मेसी को 4 शहरों का दौरा करना है। इनमें हैदराबाद, मुंबई और नई दिल्ली भी शामिल हैं। 15 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के साथ ही उनका दौरा खत्म होगा।

# अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने दिखाया दम, अलग-अलग वजन वर्ग में जीते स्वर्ण

एजेंसी। नई दिल्ली

अहमदाबाद में आयोजित नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के शीर्ष पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं। खास बात यह रही कि दोनों पहलवानों ने अपने परंपरागत वजन वर्ग से अलग श्रेणियों में उतरकर खिताब अपने नाम किए।आमतौर पर 57 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने वाले अमन सहरावत ने इस बार 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए वजन कम न करने का फैसला किया। इससे पहले अमन को इस साल क्रोएशिया में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान वजन ज्यादा होने पर अयोग्य ठहराया गया था। इसके चलते भारतीय कुश्ती महासंघ (हत्रक्क) ने उन्हें एक साल के लिए निलंबित किया था, लेकिन बाद में यह निलंबन हटा लिया गया, जिससे वह अहमदाबाद में प्रतिस्पर्धा कर सके। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए फाइनल में अमन ने निखिल को 10-0 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में आदित्य नारायण को 12-1 और ललित को 10-0 से मात दी। सेमीफाइनल में उन्होंने चोटिल भौंह और खून बहने के बावजूद अनुज कुमार को 13-2 से हराया।मुकाबले के बाद अमन ने एएनआई से बात करते हुए रेसलिंग प्रीमियर लीग (WPL), 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और विनेश फोगाट की वापसी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, 'यह बहुत अच्छा लग रहा है। हढछ एक नेक्स्ट-लेवल प्रतियोगिता है। स्टेडियम और सुविधाएं शानदार हैं। इससे 2028 के लिए कुश्ती का भविष्य उज्ज्वल दिखता है।' कॉमनवेल्थ गेम्स पर अमन ने कहा कि 2026 संस्करण में कुश्ती शामिल नहीं है, लेकिन वह 2030 के लिए पूरी मेहनत करेंगे। विनेश फोगाट की वापसी पर उन्होंने कहा, 'उनका फैसला अच्छा है। 2028 ओलंपिक में उनसे हमें पदक की उम्मीद है।'

# भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप में हराया




एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हराया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर ऑलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया।इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश के कारण मुकाबले को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जॉर्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके। पाकिस्तान की ओर से मोहम्मद सैय्याम और अब्दुल सुभान ने 3-3 विकेट लिए। निकाब शफीक को 2 सफलता मिली, जबकि अली रजा और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट हासिल किए।

### कनिष्क चौहान प्लेयर ऑफ द मैच बने

भारत के लिए कनिष्क चौहान ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने बल्लेबाजी में 46 रन बनाए और गेंदबाजी में 3 पाकिस्तानी बल्लेबाजों को आउट किया। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### भारत टॉप पर पहुंचा

अंडर-19 एशिया कप के ग्रुप-ए में भारत टॉप पर पहुंच गया है। टीम इंडिया ने अपने दोनों मुकाबले जीत लिए हैं। पहले मैच में भारत ने वअए को 234 रन से हराया था। भारत के खाते में अब 4 पॉइंट्स हैं और अगला मुकाबला 16 दिसंबर को मलेशिया के खिलाफ खेला जाएगा।

**भारत :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जॉर्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल।

**पाकिस्तान :** उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, निकाब शफीक, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा।

रतलाम के अब्दुल कादिर की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि

# दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स में तीन गोल्ड सहित जीते चार पदक



एजेंसी। नई दिल्ली

एक हादसे में बचपन में अपने दोनों हाथ गंवाने वाले रतलाम के दिव्यांग तैराक अब्दुल कादिर इंदौरी ने दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में चार पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने चार इवेंट में भाग लेकर तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। उनकी इस उपलब्धि की खेल जगत और शहरभर में सराहना हो रही है। दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स में अब्दुल कादिर ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 100 मीटर फ्री स्टाइल इवेंट में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल जीते। इसके साथ ही उन्होंने 50 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में तीसरा स्थान प्राप्त कर ब्रांज मैडल (रजत पदक) भी अपने नाम किया। चारों इवेंट में उनका प्रदर्शन चर्चा का विषय बना रहा। अब्दुल कादिर के कोच राजा राठौड़ के अनुसार, लगभग छह वर्ष की उम्र में हाईटेंशन लाइन से करंट लगने के कारण अब्दुल ने अपने दोनों हाथ खो दिए थे। इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और एक वर्ष बाद तैराकी का प्रशिक्षण लेना शुरू किया। कोच के मार्गदर्शन में कुछ ही समय में उन्होंने तैराकी में दक्षता हासिल कर ली और प्रतियोगिताओं में लगातार सफलताएं प्राप्त करने लगे। दुबई में आयोजित यह पांचवां यूथ एशियन पैरा गेम्स था, जिसमें 18 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। खिलाड़ियों का ट्रायल ग्वालियर में हुआ था, जहां देशभर से आए प्रतिभागियों में से अब्दुल कादिर सहित पांच-छह तैराकों का चयन दुबई एशियन यूथ पैरा गेम्स-2025 के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों के कुल 162 खिलाड़ी शामिल हुए थे।

# गुंथर के सामने टैप आउट! नम आंखों से जॉन सीना ने हहए को कहा अलविदा, खत्म हुआ एक ऐतिहासिक दौर




एजेंसी। नई दिल्ली

वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट (डब्ल्यूडब्ल्यूई) के इतिहास में एक सुनहरा और भावनात्मक अध्याय सैटरडे नाइट मेन इवेंट में उस वक्त समाप्त हो गया, जब जॉन सीना को अपने आखिरी मुकाबले में गुंथर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। कड़े संघर्ष से भरे इस मुकाबले में द रिंग जनरल गुंथर ने सीना को टैप आउट करने पर मजबूर कर दिया। यह मुकाबला इतना रोमांचक था कि दर्शक पूरी तरह अपनी सीटों से चिपके रहे। यह लगभग 20 वर्षों में पहला मौका था जब जॉन सीना किसी मुकाबले में टैप आउट हुए। इस नतीजे से एरिना में मौजूद फैंस गुस्से और भावनाओं से भर उठे और कई लोग इस फैसले से बेहद निराश दिखे। यह रात हहए के लिए जश्न की भी थी। सीना के करियर के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में शामिल कर्ट एंगल, मार्क हेनरी और रॉब वैन डैम रिंगसाइड पर मौजूद थे। उनके साथ हहए हॉल ऑफ फेमर्स मिशेल मैकूल और ट्रिश स्ट्रेटस भी दिखाई दीं। इसके अलावा द रॉक, केन समेत कई अन्य हहए दिग्गजों ने सीना के आखिरी मुकाबले से पहले उन्हें शुभकामनाएं भेजीं। पूरे शो के दौरान हहए ने कई वीडियो पैकेज दिखाए, जिनमें जॉन सीना की उपलब्धियों, संघर्ष और ऐतिहासिक सफर को दशार्या गया। माहौल पूरी तरह भावनात्मक हो चुका था। सबसे पहले गुंथर ने रिंग में एंट्री की, जिनका स्वागत दर्शकों ने जोरदार हूटिंग के साथ किया। इसके बाद जैसे ही जॉन सीना अपने आइकॉनिक थीम सॉन्ग पर एरिना में उतरे, कैपिटल वन एरिना तालियों और नारों से गूंज उठा। 17 बार के वर्ल्ड चैंपियन सीना की यह आखिरी रिंग रन थी। रिंग तक पहुंचते ही उनके पुराने प्रतिद्वंद्वियों ने उनका स्वागत किया, जिसने इस पल को और भी खास बना दिया। मैच की शुरूआत से ही गुंथर का पलड़ा भारी रहा और दर्शकों ने इसे खुलकर जाहिर किया। हालांकि, सीना ने वापसी करते हुए फाइव-नकल शफल और डब्ल्यूडब्ल्यूई लगाकर गुंथर को जल्दी हराने की कोशिश की। लेकिन द रिंग जनरल ने जल्द ही नियंत्रण वापस ले लिया और सीना पर ताबड़तोड़ हमला शुरू कर दिया। दर्शक पूरी ताकत से अपने हीरो को समर्थन देते रहे, ताकि रिकॉर्ड वर्ल्ड चैंपियन मुकाबले में बने रहें। इसके बाद सीना ने अपना मशहूर सुपर सीना मोड दिखाया। एक और फाइव-नकल शफल और फिर (एटिट्यूड एडजस्टमेंट) ने एरिना में उम्मीद जगा दी। लेकिन गुंथर ने दो काउंट पर किक आउट कर दिया और स्लीपर होल्ड लगाकर सीना को लगभग बेहोश कर दिया। गुंथर ने सीना को रिंग में इधर-उधर पटका और स्टील स्टेप्स पर दे मारा। वह स्टेप्स को कमेंटेटर डेस्क के पास ले आया, लेकिन यही उसकी गलती साबित हुई। सीना ने मौके का फायदा उठाते हुए टेबल के आर-पार अअ मारकर मैच में वापसी की। गुंथर फिर भी दो काउंट पर किक आउट कर गए। सीना के लगातार हमलों के बीच दर्शकों ने 'यू स्टिल गॉट इट' के नारे लगाने शुरू कर दिए। लेकिन गुंथर ने इस मौके को भी भुनाया और एक जबरदस्त पावरबॉम्ब से सीना को लगभग मात दे दी। मैच इस वक्त बेहद तेज हो गया। टॉप रोप से किया गया सीना का अअ भी सिर्फ दो काउंट तक ही सीमित रहा। अब मुकाबला सीना की जिद और जुझारूपन बनाम गुंथर की रेसलिंग समझ के बीच की जंग बन चुका था।

### टैप आउट और फैंस का गुस्सा

आखिरकार सीना ने एक और अअ लगाया, लेकिन गुंथर की ताकत भारी पड़ी। उन्होंने दोबारा स्लीपर होल्ड लॉक किया और इस बार जॉन सीना को टैप आउट करना पड़ा। एरिना में सन्नाटा छा गया। इसके बाद फैंस ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए हहए की बुकिंग पर सवाल उठाए।

### रिंग में विदाई, आंखों में आंसू

मैच के बाद पूरा हहए रोस्टर रिंग में आ गया और सीना को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। एक भावनात्मक वीडियो पैकेज चला, जिसे देखकर सीना खुद को रोक नहीं पाए। जॉन सीना ने अपने रेसलिंग जूते/स्नीकर रिंग में छोड़ दिए, जो इस खेल से संन्यास का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद उन्होंने दर्शकों से मिले प्यार को महसूस किया, कैमरे को सलाम किया और कहा, 'इतने वर्षों तक आपकी सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। आप सभी का धन्यवाद।' इसके बाद सीना पर्दे के पीछे चले गए, और हहए के इतिहास का एक युग समाप्त हो गया।

# बीबीएल डेब्यू मैच में फुस्स पटाखा निकले बाबर आजम, 30 यार्ड भी नहीं पार करा सके गेंद

एजेंसी। नई दिल्ली

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 को ध्यान में रखते हुए अभी कई प्लेयर्स का ध्यान टी20 फॉर्मेट में अपना बेहतर लगातार बेहतर करने पर है। वहीं 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली फ्रेंचाइजी टी20 लीग बिग बैश के 15वें सीजन का आगाज हो गया है। इस टी20 लीग में इस बार पाकिस्तानी टीम के कई बड़े खिलाड़ी भी हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान का नाम प्रमुख तौर पर शामिल है, ऐसे में सभी की नजरें इनके प्रदर्शन पर भी हैं। बीबीएल 2025-26 का पहला मैच सिडनी सिक्सर्स और पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम के बीच पर्थ स्टेडियम में खेला जा रहा है और इस मैच में सिडनी की तरफ से बाबर आजम को बिग बैश लीग में डेब्यू करने का मौका मिला, लेकिन वह बल्ले से कोई कमाल दिखाने में कामयाब नहीं हो सके। सिडनी सिक्सर्स की टीम ने बिग बैश लीग के 15वें सीजन में बाबर आजम को अपनी स्क्वाड का हिस्सा बनाया था, जिसमें सभी को उनके मैदान पर उतरने का बेसब्री से इंतजार भी था। बाबर को पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम के खिलाफ मैच में डेनियल ह्यूज के साथ पारी की शुरूआत करने का मौका मिला। हालांकि दोनों ही मिलकर टीम को बेहतर शुरूआत देने में कामयाब नहीं हो सके। ह्यूज जहां बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए तो वहीं सभी की नजरें फिर बाबर आजम पर थी और वह भी बल्ले से कोई कमाल नहीं दिखा सके। बाबर ने तीसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर ब्रॉडी काउच की गेंद पर स्ट्रेट हवा में बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया लेकिन वह गेंद को 30 यार्ड भी पार कराने में कामयाब नहीं हो सके और मिड ऑन पर फील्डिंग कर रहे लॉरी इवांस ने उनका एक आसान कैच पकड़ लिया।पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ इस मुकाबले में बारिश के चलते 11-11 ओवर्स का कराने का फैसला लिया गया। इस मैच में सिडनी सिक्सर्स ने 41 के स्कोर तक अपने 4 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद जैक एडवर्ड्स ने 21 गेंदों में 46 रनों की पारी खेलते हुए टीम के स्कोर को 11 ओवर्स में 113 रनों तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की।